सूर्योदय 5:52 सूर्यास्त 6:49
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 34.8
न्यूनतम 25.0

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21
मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-234 | बुधवार 25 अगस्त, 2021 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-तृतीया, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

समझदार व्यक्ति खुद गलतियां नहीं करता है, बल्कि दूसरों की गलतियों से जीवन की सच्चाई परख लिया करता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

पंजाब में टकराव, छत्तीसगढ़ में तनातनी, राज्य दर राज्य कांग्रेस में कलह : नयी दिल्ली



अब तो राहुल गांधी ही को कुछ न कुछ करना होगा.....

# एक्सईएन के तीखे तेवर देख बिफरे उद्यमी, मंत्री ने कराया बीच बचाव



सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर विभाग के उत्पीड़न से तंग आकर अपना मुंह पीटते उद्यमी नीलकमल पुरी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारी उद्यमी से नोक झोक करते हुए व बात बढ़ने के बाद राज्यमंत्री स्वयं बीच बचाव कराते हुए।

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। सरकारी विभाग इस समय पूरी धींगामुश्ती में दिखाई पड़ रहा है, यह बात शायद दोहराने की आवश्यकता नहीं है। कुछ दिन पहले बिना कोई नोटिस दिये मेरठ रोड स्थित इण्डस्ट्रीयल एरिया में एकाएक सिंचाई विभाग की तीन जिलों की टीम पहुंच जाने से उद्यमियों में नाराजगी का माहौल बन गया था। इसे देखते हुए मंगलवार को राज्यमंत्री ने उद्यमियों व सिंचाई विभाग के एक्सईएन के बीच आपसी सहमति बनाने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर एक मीटिंग आयोजित की, मीटिंग में स्वयं राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व उद्योगपति समय से उपस्थित हुए लेकिन एक्सईएन साहब ४५ मिनट देरी से पहुंचे और आते ही उद्योगपतियों व एक्सईएन के बीच नोक–झोक शुरू हो गयी। नोक–झोक होना स्वाभाविक था क्योंकि ४५ मिनट की देरी से पहुंचने के बाद भी एक्सईएन साहब यह कहते हुए दिखाई पड़े कि मुझे इन उद्योगपतियों से कोई बात नहीं करनी, मंत्री जी मैं आपके घर आकर आपसे मिल लूंगा। इस पर उद्योगपति बिफर पड़े और उठकर मीटिंग रूम का दरवाजा बंद करने लगे। इसी बात से वहां का माहौल गर्मा गया और मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उद्योगपतियों को दरवाजा बंद नहीं करने दिया। इस पर एक्सईएन भी बिफर गए और उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को इसकी शिकायत करने की बात कही। बाद में दोनों ओर से मंत्री ने मामले को शान्त कराते हुए कहा कि वे अभी जल्दबाजी न करें, वे खुद इस मामले को निपटवा लेंगे, मगर इस घटनाक्रम के बीच उक्त सारे बवाल की वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हो गयी और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी होते ही तरह–तरह की बातें आमजन में होती दिखाई दी। कुछ ने उद्यमियों को अपने गुस्से के ऊपर नियंत्रण रखने की बात कही तो कुछ ने सरकारी अधिकारियों के निरंकुश होने की बात कही। मगर उद्यमियों का कहना था कि हमारा मुद्दा आज भी वही है जो उस दिन था कि बिना नोटिस के आखिर उनकी फैक्ट्रियों की दीवारें तोड़कर उन्हें किसलिए असुरक्षित किया गया। इस बात का कोई जवाब सरकारी अधिकारियों के पास न पहले था और न आज ही बन पाया। कुल मिलाकर उद्यमियों व सिंचाई विभाग के एक्सईएन के बीच हुई नोकझोक का मुद्दा अब काफी गर्मा चुका है। अब देखना यह है कि दोनों ओर से समझौता हो पाता है अथवा दोनों पक्षों की ओर से मुकदमें दर्ज कराए जाते हैं। उद्यमियों की बैठक में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुशपुरी, उद्योगपति नील कमलपुरी, आईआईए के चेयरमैन विपुल भटनागर, फैडरेशन अध्यक्ष रजनीश, गांधी टैंट के पंकज जैन, राकेश जैन, संजय गुप्ता, अंकुर गर्ग, मोहन लाल बंसल, राजेश जैन, सुमित आदि उपस्थित रहे।

## बेबुनियाद नोटिस दिखा रहा है सिंचाई विभाग

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जब मंत्री ने नोटिस दिखाने की बात कही तो सिंचाई विभाग ने बताया कि मार्च–२०२० में स्वयं मंत्री कपिल देव अग्रवाल के नाम पत्र आया हुआ था, मगर विभाग उसे मंत्री जी को नहीं दिखा पाया। इसी बात से साफ पता लग जाता है कि सरकारी विभाग जब चाहे रस्सी का सांप और सांप की रस्सी बना सकता है। क्या कोई यह बात स्वीकार कर सकता है कि किसी विभाग के पास डेढ़ वर्ष पूर्व मंत्री के नाम से कोई पत्र आया हो और वह विभाग उस पत्र को दबोचे बैठा हो। ऐसी बेबुनियाद बात सुनकर उद्यमियों का आग बबूला होना तो लाजमी था, क्योंकि इतना बड़ा सफेद झूठ आखिर उद्यमी कैसे स्वीकार कर लेते।

## राज्यमंत्री ने बताई स्पष्ट रूप से विभागीय गलती

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को पूरा विवाद होने के बाद स्पष्ट कहा कि वास्तव में यह विभागीय गलती है कि बिना उद्यमियों को नोटिस दिये उनकी फैक्ट्री की दीवारों और टीन शेड पर बुल्डोजर फिरवा दिया गया। यह किसी कानून में नहीं आता कि किसी भी कब्जे को इस तरह से मुक्त कराया जाये। प्रत्येक विभाग पहले किसी भी कब्जे के लिए नोटिस देता है और नोटिस में बाकायदा समय दिया होता है। उस समय के भीतर कब्जा न हटाने पर विभाग को कब्जा हटाने का अधिकार मिलता है। उन्होंने कहा कि अब दोनों पक्षों की ओर से मामले को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। थोड़ी बहुत नोक झोक चलती रहती है। उन्होंने बताया कि अब एक कमैटी बनाकर फैक्ट्री मालिकों व सरकारी अधिकारियों के बीच सहमति बनाकर पैमाइश की जाएगी और जो भी कब्जा होगा उसे फैक्ट्री मालिक स्वयं हटाने को तैयार हैं।

## परेशान उद्यमियों ने पीटा अपना मुंह

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। आठ दिन से फैक्ट्री की चार दीवारी सिंचाई विभाग द्वारा तोड़े जाने के बाद मंगलवार को भी इंसाफ न मिलने की उम्मीद से बिफरे उद्योगपति नील कमलपुरी ने परेशान होकर अपना मुंह और माथा ही पीट डाला। नील कमलपुरी का कहना था कि कौन से आदेश पर फैक्ट्री मालिकों की दीवार बुल्डोजर से तुड़वा दी गयी और अब भी एक्सईएन झुकने को तैयार नहीं दिख रहे। इस बात से खिन्न होकर उन्होंने अपना मुंह व माथा पीट लिया। यह देखकर सभी उद्यमी स्तब्ध रह गए ओर नीलकमल पुरी की बात को सही ठहराते हुए कहा कि यही सच्चाई है कि पिछले आठ दिनों से फैक्ट्री मालिक मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्हें अपनी फैक्ट्रियों में ही रात गुजारकर चौकीदारा करना पड़ रहा है, इससे अच्छे दिन और कब आएंगे।

## 13 आईपीएस इधर से उधर

लखनऊ, 24 अगस्त ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के 13 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में तैनात अपर पुलिस महानिदेशक लोक शिकायत तनूजा श्रीवास्तव का तबादला अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण के पद पर किया गया है जबकि मुजफ्फरनगर जिले में 2017 बैच की आइपीएस अधिकारी दीक्षा शर्मा को अपर पुलिस अधीक्षक ( अपराध ) के पद पर गाजियाबाद भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक सुरक्षा नरेंद्र प्रताप सिंह का तबादला पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक विधि प्रकोष्ठ के पद पर किया गया है, जबकि इटावा में पीएसी की 28वीं वाहिनी के सेनानायक अनिल कुमार पांडेय को सेनानायक 36वीं वाहिनी पीएससी वाराणसी बनाया गया है। एसपी लाजिस्टिक सुशील शुक्ला का ट्रांसफर पुलिस अधीक्षक डायल 112 के पद पर किया गया है। उन्होंने बताया कि कासगंज के पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रकाश वर्मा का ट्रांसफर एटा में पीएसी की 43वीं के सेनानायक के तौर पर किया गया है, जबकि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध पुलिस अधीक्षक सभाराज को एससीआरबी में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। रुचिता चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त नियुक्त किया गया है, जबकि लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त शालिनी को पीएसी में सेनानायक 23वीं वाहिनी के पद पर मुरादाबाद ट्रांसफर किया गया है। सूत्रों ने बताया कि डीजीपी मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक जन शिकायत प्रकोष्ठ प्रताप गोपेन्द्र यादव का तबादला सेनानायक चतुर्थ वाहिनी पीएसी, प्रयागराज किया गया है वहीं डीजीपी मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक अपराध गौरव बंसवाल का ट्रांसफर सेनानायक 42वीं वाहिनी पीएसी, प्रयागराज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक रेलवे मोहम्मद मुश्ताक की प्रोन्नति एसपी के पद पर की गयी है। कानपुर कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त अभिषेक कुमार अग्रवाल को प्रयागराज का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

## सिंचाई विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का मुंह तोड़ जवाब देंगे : व्यापारी संजय मित्तल

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय मित्तल ने कहा कि जिस प्रकार सिंचाई विभाग द्वारा उद्योगपतियों की जमीनों पर बिना सूचना दिए बुल्डोजर चलाकर ध्वस्तीकरण किया, वह बहुत ही निंदनीय है। अभी पूरा देश करोना की जद से उभर भी नहीं पाया है और ऊपर से इस प्रकार की कार्रवाई करना यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। बिना नोटिस दिए तुगलकी फरमान नहीं चलेगा। इस कार्यवाही के खिलाफ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उद्योगपतियों के साथ है। उन्होंने उद्योगपतियों से भी कहा व्यापारी इस देश की आन, बान और शान है और व्यापारी ही ऐसी एजेंसी है, जिसके टैक्स से सरकार चलती है। आप लोग इस प्रकार का कुठाराघात बिल्कुल सहन ना करें। हम लोग भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, जिसको देखो उसी की तलवार व्यापारी पर चलती है, अब यह नहीं चलेगा।



मंगलवार को शहर में लगे जाम का नजारा। फोटो बुलेटिन

## प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को जल्द मिलेगा बढ़े हुए डी.ए. के साथ वेतन

लखनऊ, 24 अगस्त ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को पहली जुलाई से 11 फीसदी की बढ़ी दर से महंगाई भत्ता ( डीए ) और पेंशन भोगियों को महंगाई राहत ( डीआर ) के भुगतान के सम्बंध में जल्द ही शासनादेश जारी किया जायेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का भुगतान किये जाने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री ने 16 लाख सरकारी कर्मचारियों को डीए और 12 लाख पेंशन भोगी कर्मचारियों को डीआर देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है जिसके बाद कर्मचारियों का महंगाई भत्ता अब 28 फीसदी हो जायेगा। उन्होंने बताया कि अगस्त में बढे हुये डीए का भुगतान सितम्बर के वेतन में कर दिया जायेगा, जबकि जुलाई का एरियर पेंशन में समायोजित किया जायेगा। गौरतलब है कि योगी सरकार ने वैश्विक महामारी कोविड 19 के मद्देनजर पिछले साल 24 अप्रैल को डीए और डीआर के भुगतान पर रोक लगा दी थी।

## छत से गिरकर प्रधान के भाई की दर्दनाक मौत

भोपा, २४ अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी ग्राम प्रधान व ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रविंदर उर्फ छोटा प्रधान के बड़े भाई पुष्पेंद्र उर्फ सेठी ४५ वर्ष सोमवार की रात्रि मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे, जैसे ही वह मध्य रात्रि के करीब बाथरूम में जाने के लिए चले, तो वह अचानक दूसरी मंजिल से नीचे जा गिरे। आवाज को सुनने के बाद परिजनों के आंख खुली, तो मौके पर गये, जहां वह अचेत अवस्था में पड़ा था। पुष्पेंद्र को पहले तो गांव के प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले जाया गया और इसके बाद उन्हें मेरठ ले जाया जा रहा था, इसी दौरान पुष्पेंद्र ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सेठी की मौत से गांव में शोक की लहर है साथ ही मृतक के परिवार को सांत्वना देने वाले लोगों का भी तांता लगा हुआ था, जिनमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल सहित अनेकों गणमान्य लोग वहां पहुंचे।

## साप्ताहिक बंदी के दिन भी रहा जाम

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। साप्ताहिक बंदी के बाद भी मंगलवार को शहर के जाम ने प्रशासन के सारे इंतजामों की पोल खोल दी। लगभग २ घंटे तक जाम में लोग रेंग–रेंगकर चलते देखे गए और जाम का होना सिर्फ प्रशासन की बेइंतजामी का नतीजा है। हालांकि हर बार जाम लगने के बाद प्रशासन स्वयं ही अपनी पैरवी करता हुआ दिखाई देता है। मंगलवार को लगे जाम का कारण परीक्षाओं का छूटना बताया गया। हालांकि परीक्षाओं का पता प्रशासन को भी पूर्ववत् होता है कि किस समय कौन सी परीक्षा समाप्त होगी और एकाएक सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ेगी। शुक्र यह रहा कि मंगलवार को शहरी क्षेत्रों में साप्ताहिक बंदी थी नहीं तो लोग पूरे पांच घंटे जाम में ही खड़े रहते। सड़कों पर ही नहीं भोपा व जानसठ फ्लाई ओवर पर भी लोग फंसे दिखाई दिये। सुबह के बाद शाम ५ बजे भी ठीक ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जाम में फंसे लोगों ने जब देखा कि लगभग डेढ़ किलोमीटर तक जाम ही जाम लगा हुआ है तो उस जाम के दौरान फिर एक बार ई–रिक्शाओं की भरमार और वाहनों का बेतरकीब से एक दूसरे की होड़ में आगे बढ़ाना था। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए लोग अपनी मर्जी से रोंग साइड में भी अपने वाहनों को घुसाते देखे गए मगर कोई भी अपनी गलती स्वीकार करने को तैयार नहीं दिखा। और रही प्रशासन की बात तो वो तो पहले भी अपने हिसाब से काम करता है, और जाम के दौरान भी प्रशासन पूरी तरह सुस्त ही दिखाई पड़ा। यदि प्रशासन ने जरा भी चुस्ती फुर्ती दिखाई होती तो लोगों को २ घंटे तक जाम से न जूझना पड़ता। और माना जाये या न माना जाये जाम के शहर में दो ही मात्र कारण हैं एक अतिक्रमण और दूसरा ई–रिक्शाओं की भरमार। किसी के पास ई–रिक्शा चलाने की परमिशन हो या न हो जिसका जी चाहे वह रोजगार पाने के लिए ई–रिक्शा उठाकर चल देता है। छोटी से छोटी गलियों में भी २०–२०, २५–२५ रिक्शाएं आमतौर पर शहर में चलती दिखाई पड़ती हैं और इन्हीं ई–रिक्शाओं के कारण शहर की हर गली आज जाम से जूझ रही है। यह भी किसी को नहीं पता कि आखिर किसकी शह पर इतनी ई–रिक्शाएं चल रही हैं। कुल मिलाकर लोगों को साप्ताहिक बंदी के दिन जाम में जूझने की हैरानी साफ दिखाई दी। किसी ने घर से निकलने से पहले अंदाजा नहीं लगाया था कि उन्हें घर से निकलते ही ऐसे जाम से जूझना पड़ेगा।

## अधेड़ की तालाब में गिरने से मौत

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। शाहपुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर जाटान में दिशा शौच के लिए गए एक अधेड़ की तालाब में गिरने से मौत हो गई। गांव रसूलपुर जाटान निवासी ५८ वर्षीय विक्रम पुत्र दरियाव मंगलवार की सुबह दिशा शौच के लिए गया था। काफी देर तक जब वह घर नही पहुंचा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ उसे खेत व अन्य स्थानों पर तलाश किया। ग्रामीण जब गांव में श्मशान घाट के पास तलाश कर रहे थे, तो ग्रामीणों को पास ही स्थित तालाब में एक व्यक्ति दिखाई दिया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, तो देखा कि वह वही व्यक्ति निकला, जिसे वह तलाश कर रहे थे। ग्रामीणों ने अंदेशा जताया कि जिस रास्ते से वह गया, वह रास्ता काफी छोटा है और बराबर में तालाब है। मृतक का पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरा। परिजनों ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।




## कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौत

रामराज, 24 अगस्त ( बु. )। थाना क्षेत्र के ग्राम देवल के निकट कार चालक नें साइकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे गम्भीर हालत के चलते घायल के परिजन बिजनौर चिकित्सक के यहां ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम देवल निवासी 32 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र अलबत सिंह मंगलवार को अपने घर से साइकिल पर सवार होकर किसी काम से गांव में ही जा रहा था। जैसे ही वह साइकिल पर सवार होकर देवल बस अड्डे पर पहुंचा, तो बिजनौर की ओर से आ रही एक कार ने उसकी साईकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर प्रदीप गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन घायल को लेकर बिजनौर चिकित्सक के यहां पहुंच गए, जहां पर चिकित्सकों नें उसे मृत घोषित कर दिया। प्रदीप की मौत हो जाने से प्रदीप के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक मामले की लिखापढ़ी नहीं हुई है।



# २५-२५ हजार रुपए के हत्या में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

कैराना, २४ अगस्त (बु.)। हत्या में वांछित पच्चीस पच्चीस हजार के दो हत्यारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कैराना के गांव भूरा में दुष्कर्म पीड़िता की पैरवी के आरोप में एक युवक की हत्या की गई थी। कैराना क्षेत्र के गांव भूरा में पिछले दिनों गोली मारकर हत्या के प्रकरण में खाक छान रही खाकी को आखिरकार सफलता हाथ लग गई। पुलिस ने दो हत्या आरोपियों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो ३१५ बोर के तमंचे चार जिंदा कारतूस २ खोके उनकी निशानदेही से बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों हत्यारों को शामली रोड स्थित गांव कंडेला भूरा मार्ग स्थित नहर की पुलिया से गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा ने बताया कि दोनों हत्यारों से अवैध ा तमंचे जिंदा कारतूस खोके मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों फरार आरोपियों पर पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए के जनपद पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव द्वारा इनाम की घोषणा की गई थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों के आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि दुष्कर्म पीड़िता की मुकदमे में गांव का ही अजय पैरवी कर रहा था, को लेकर कहासुनी होने के बाद उसकी हत्याकर दी गई। गिरफ्तार आरोपी ने शुभम ने बताया कि मृतक अजय द्वारा मुकदमे में मदद किए जाने की सूचना पर क्रोधित होकर अपने साथी सनी अपने मामा रवि व पिता नाथीराम के सहयोग से जंगल में गोली मारकर हत्याकर दी गई थी। गौरतलब रहे कि कैराना के गांव भूरा में गत १६ अगस्त की प्रातः ६ बजे गांव के ही जंगल में उस समय अजय पुत्र सुरेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब गांव की एक युवती मंदिर में पूजा-अर्चना करने जा रही थी कि तभी हाल ही में जेल से जमानत पर बाहर आए दुराचार दुष्कर्म के दो आरोपी सनी एवं शुभम द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था, तभी पुलिस जांच में दोनों आरोपियों का नाम प्रकाश में आ गया था। हालांकि मृतक के पिता ने भी दोनों आरोपियों को नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था, तभी से कैराना कोतवाली पुलिस के साथ-साथ एसओजी एवं सर्विलांस टीम सहित पांच टीमों का गठन कर जनपद पुलिस अध ीक्षक ने जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश दिए थे। घटना के बाद डीआईजी प्रीतिंदर सिंह भी घटनास्थल का निरीक्षण करने आए थे और पीड़िता के परिवार एवं मृतक अजय के परिजनों से भी मुलाकात की थी तथा उनको आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। घटना के एक सप्ताह बाद आखिरकार खाक छान रही पुलिस ने दोनों हत्यारों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अवैध वसूली करने का आरोप

शामली, 24 अगस्त (बु.)। एक गेंहू व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों पर अवैध वसूली करने की नियम से पुलिस को फर्जी सूचना देकर गाड़ी को रोके जाने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर नामजद दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधीगंज मंडी निवासी राहुल गोयल पुत्र राजकुमार गोयल ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके ट्रक में मंडी गांधीगंज से चावल लोड होकर करनाल के लिए जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ कथाकथित लोगों संदीप मलिक निवासी काकानगर, संदीप भारद्वाज निवासी गांव गोगर, अविनाश शर्मा निवासी दयानंदगनगर, यासीन उर्फ काला निवासी बड़ी माता मंदिर ने ट्रक को रोक लिया और पुलिस को फर्जी सूचना देकर पकड़वा दिया गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने ट्रक को छुड़वाने की एवज में एक लाख रुपये की मांग की और प्रत्येक माह 50 हजार रुपये न देने पर गाड़ी को रोजाना पकड़वाये जाने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि उक्त ट्रक की जांच करने के लिए आपूर्ति निरीक्षक भी पहुंचे, जिन्होंने जांच करने के बाद गाड़ी को छोड़ दिया। पीड़ित व्यापारी ने उक्त लोगों से जान माल का खतरा बताते हुए मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की। मंगलवार को मामले में कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस ने अविनाश शर्मा व संदीप को हिरासत में लिया है।



# श्रीश्री गोलोक धाम में जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू

## -मंगलवार को ध्वज पूजन हुआ सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। गांधी कॉलोनी स्थित श्रीश्रीगोलोकधाम में मंगलवार को जोरशोर से जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू कर दी गयी। इस क्रम में मंगलवार सुबह ध्वजपूजन का कार्यक्रम विधिवत् सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में उनसे विधि विधान से ध्वज पूजन कराया गया। ध्वज पूजन के बाद गोलोकधाम मंदिर के आसपास क्षेत्रों की चार परिक्रमाएं ली गयी। इस दौरान गोलोकधाम कमैटी द्वारा सैंकड़ों ध्वज ठाकुरजी की सेवा में बनाये गये, जिन्हें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, उद्योगपति कुशपुरी, समाजसेवी मंगतराम जुलौत्रा, राज कुमार बिलासपुर वाले आदि सैंकड़ों भक्त लेकर परिक्रमा हेतु निकले। परिक्रमा के दौरान मुख्य अतिथियों सहित कृष्ण भक्तों ने भजन गाकर नृत्य किया। भगवान राधा-कृष्ण के जयघोष से गांधी कॉलोनी का माहौल कृष्णमय होता दिखाई दिया। ज्ञात रहे कि अगले ६ दिनों तक लगातार श्रीश्री गोलोकधाम में कोई न कोई आयोजन नियमित रूप से चलता रहेगा। सतीश सेठी, विजय, कृष्ण, भोले भाई, पवन छाबड़ा, रमन जलौत्रा, टीटू जी अस्तर वाले आदि अनेक धर्मप्रेमी इस दौरान मौजूद रहे।

# आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 25 अगस्त, 2021**

**मेष**-परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक व्यय, कार्य क्षमता व मान सम्मान में वृद्धि, यात्रा सुखद।

**वृषभ**- दिन शुभ, धमागम का सुयोग, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, बुद्धि का विकास, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, स्थान परिवर्तन।

**मिथुन**- शुभ भावनाओं का उदय, उन्नति का सुअवसर, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, सुसंदेश मिलने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

**कर्क**- विचारित योजना अधूरी, शंका-कुशंका प्रभावी, कार्यों में विफलता, आय में कमी, किसी बात को लेकर परेशान, शत्रु सक्रिय, मित्रों से तनाव, आवागमन में निराशा।

**सिंह**- समय अनुकूल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी वैमनस्यता में कमी की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुख के साधन उपलब्ध।

**कन्या**-कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, धर्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**तुला**-व्यापार में धन निवेश, अधीस्थ सहयोगियों से सहयोग, कार्यक्षमता में वृद्धि, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आवागमन में अनुकूलता।

**वृश्चिक**- विविध पक्षों में निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, किसी बात को लेकर परेशान, अपेक्षित सहयोग का अभाव, यात्रा में परेशानी, विश्वासघात की आशंका।

**धनु**- किसी योजना पर कार्यारम्भ, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, कुछेक मसला हल हल होने की ओर, मनोरंजन की ओर रुझान, व्यक्तित्व का विकास।

**मकर**- व्यवसाय में विस्तार, प्रभावशाली हस्तियों से असहयोग, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, कर्ज की निवृत्ति।

**कुम्भ**- दिनचर्या अनुकूल, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, बकाए धन की प्राप्ति, यश में वृद्धि।

**मीन**-परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, जोखिम से नुकसान, कार्यों में विफलता, पारिवारिक शारीरिक कष्ट, किसी से विश्वासघात, स्वजनों से मनमुटाव।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

# पीएचसी जसाला जिले में प्रथम, मिलेंगे दो लाख, हरड़ फतेहपुर व गढ़ीपुख्ता को पुरस्कार स्वरूप मिलेंगे 50-50 हजार रुपये

शामली, 24 अगस्त (बु.)। जनपद के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (पीएचसी) जसाला, हरड़ फतेहपुर और गढ़ीपुख्ता को कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 का पुरस्कार मिला है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (पीएचसी) जसाला जिले में पहले स्थान पर है। जसाला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (पीएचसी) को 76.85 अंक प्राप्त हुए हैं। इसे पुरस्कार के रूप में दो लाख रुपये मिलेंगे, जबकि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पीएचसी हरड़ फतेहपुर व गढ़ीपुख्ता को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय द्वारा प्रदेश के 75 जिलों से कायाकल्प अवार्ड के लिए चुने गये 295 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची जारी की गयी है। प्रदेश स्तर पर पुरस्कार मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खुशी का माहौल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया- केन्द्र सरकार ने सभी चिकित्सा इकाइयों में स्वच्छता व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2015 में कायाकल्प अवार्ड की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल, उप. विभागीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के तहत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, जो उच्च स्तर की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण पर नियंत्रण और बेहतर चिकित्सा सुविधा के मूल्यांकन में खरे उतरते हैं, उन्हें कायाकल्प अवार्ड दिया जाता है। इसमें चिकित्सा इकाई पर रोगी की संतुष्टि का भी मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कायाकल्प से पुरस्कृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसाला ने 76.85 अंक हासिल किये हैं। जबकि पीएचसी हरड़ फतेहपुर ने 75.70 अंक और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गढ़ीपुख्ता ने 71.60 अंक प्राप्त किये हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार अवार्ड के लिए प्राविधानित धनराशि का 75 प्रतिशत चिकित्सालय के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैन्डर्ड एवं कायाकल्प अवार्ड स्कीम के अंतर्गत चिन्हित गैप क्लोजर, सुदृढ़ीकरण, रख रखाव, स्वच्छता व्यवस्था इत्यादि सुनिश्चित किये जाने के लिए उपयोग किया जाता है, जिससे चिकित्सालय के स्कोर में वृद्धि हो सके। शेष 25 प्रतिशत धनराशि चिकित्सा इकाइयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों नियमित, संविदा एवं आउट सोर्स के उत्साहवर्धन के लिए इंसेंटिव के रूप में दी जाती है। अवार्ड विजेता चिकित्सा इकाई को अवार्ड धनराशि में से इंसेंटिव धनराशि का उपयोग चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कैश अवार्ड, क्षमता वृद्धि के लिए प्रशिक्षण, चिकित्सालय में कर्मचारियों के कार्यस्थल पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक गतिविधियों पर नियमानुसार व्यय किया जाता है। उन्होंने बताया कि कायाकल्प अवार्ड स्कीम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का तीन चरणों में इंटरनल, पियर एवं एक्सटर्नल असेसमेंट कार्य पूर्ण किया जाता है। वर्ष 2020-21 में कोविड 19 को देखते हुए केन्द्र सरकार के निर्देश के क्रम में दो सदस्यीय टीम द्वारा एक्सटर्नल असेसमेंट वर्चुअल प्लेट फार्म के माध्यम से कराया गया।

# सफीपुर पट्टी निवासी सिपाही फरमान इदरीशी को दाढ़ी प्रकरण में कोर्ट से नहीं मिली राहत

बुढ़ाना, २४ अगस्त (बु.)। बुढ़ाना ब्लॉक के गांव सफीपुर पट्टी के निवासी (चंधेड़ी रोड) पुलिस कांस्टेबल फरमान इदरीशी को पुलिस विभाग में नौकरी करने के दौरान दाढ़ी रखने पर कोर्ट की तरफ से फटकार लगाई गई है। इस बारे में जब इस संवाददाता ने कांस्टेबल फरमान इदरीशी से बात की, तो उन्होंने बताया कि वे अपने अधिकारियों का आदेश मानेंगे। मिली जानकारी के अनुसार यूपी पुलिस के डीजीपी की ओर से बीते दिनों एक सर्कुलर जारी हुआ था, जिसमें पुलिस फोर्स में रहते हुए दाढ़ी रखने पर रोक लगा दी थी। डीजीपी की ओर से सर्कुलर जारी किए जाने के बाद भी अयोध्या में तैनात सिपाही फरमान ने दाढ़ी रखी थी। आदेश का पालन न करने पर फरमान को निलंबित करते हुए पुलिस विभाग की ओर से चार्जशीट जारी कर दी गई थी। फिर सिपाही फरमान ने अपने निलंबन को हाईकोर्ट में चुनौती दिया था। निलंबित सिपाही की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बीते दिन अपना फैसला सुना दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इस मामले में अपने फैसले में कहा है कि पुलिस फोर्स में दाढ़ी रखना संवैधानिक अधिकार नहीं है। कोर्ट ने यूपी पुलिस में दाढ़ी रखने पर रोक के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल करने वाले सिपाही के खिलाफ जारी निलंबन आदेश व आरोप पत्र में दखल देने से भी इन्कार कर दिया है। यूपी पुलिस ने दाढ़ी न रखने के आदेश की अवहेलना करने पर अयोध या के खंडासा थाने में तैनात सिपाही फरमान निवासी बुढ़ाना को निलंबित कर दिया था और साथ ही यूपी पुलिस की ओर से फरमान के विरुद्ध चार्जशीट भी जारी की गई थी, तब फरमान ने इसे होईकोर्ट में चुनौती दी थी। फरमान की ओर से कोर्ट में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की दलील दी गई थी। फरमान की ओर से कहा गया था कि संविधान की ओर से मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के तहत इस्लाम के सिद्धांतों के अनुसार उसने दाढ़ी रखी है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कहा कि पुलिस फोर्स को अनुशासित होना चाहिए। छवि सेक्यूलर होनी चाहिए। फरमान ने एसएचओ की चेतावनी के बावजूद दाढ़ी न कटवाकर अनुशासन तोड़ा है। दूसरी ओर कांस्टेबल फरमान इदरीशी से दूरभाष पर बात हुई, तो उन्होंने इस संवाददाता को बताया कि जो भी उनके उच्च अधिकारियों का आदेश होगा, वो उसी आदेश का पालन करेंगे। कुल मिलाकर ये मामला यहां पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जेलों में बंद कैदियों की १७ माह बाद मिलाई शुरू

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बुस.)। भारतीय जन मंच जनपद इकाई मुजफ्फरनगर की एक बैठक जिला प्रभारी सरदार त्रिलोचन सिंह गम्भीर की अध्यक्षता में जन मंच कार्यालय पर सम्पन्न हुई, जिसका संचालन जिला महामंत्री राधेलाल चौहान ने किया। सहारनपुर मण्डल अध्यक्ष सतीश शर्मा ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि २० जुलाई २०२१ को भारतीय जन मंच संयोजक राम प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से मिलकर उनके माध्यम से व सीधा एक मांग-पत्र उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा, जिसमें मुख्यमंत्री से प्रबल मांग की गयी कि गत १६ माह से सम्पूर्ण उ.प्र. की जेलों में बंद कैदियों को कोरोना के कारण उनके परिजनों से नहीं मिलने दिया जा रहा है, जो कि अत्यंत ही संवेदनशील विषय है। भारतीय जन मंच संयोजक राम प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में उठाई गयी मानवीय संवेदनाओं से युक्त इस मांग का मुख्यमंत्री द्वारा अविलम्ब संज्ञान लेते हुए भारतीय जन मंच द्वारा प्रेषित सुझावों के अनुसार सम्पूर्ण उ.प्र. की जेलों में बंद कैदियों के परिजनों को कोरोना जांचोपरांत उनसे मिलाई करवाया जाना शुरू कर दिया गया है। भारतीय जन मंच संयोजक राम प्रसाद शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि १७ माह बाद उ.प्र. की जेलों में बंद कैदियों व उनके परिजनों का आपस में मिलना प्रदेश में लाखों लोगों को राहत प्रदान करता है, जिस हेतु मुख्यमंत्री साधुवाद के पात्र हैं। बैठक में मुख्य रूप से ओम प्रकाश मलिक, अरूण मिड्डा, रकमपाल सिंह, उमेश चौरसिया, सुरेश चन्द्र त्यागी, दीपा कौशिक, नीलम ढींगरा, कशिश शर्मा, जितेन्द्र कुमार, बिसम्बर पांचाल, वरूण शर्मा, यथार्थ शर्मा, अभिजीत सिंह आदि सम्मिलित रहे।

# मंगलवार को जूनियर व सीनियर वर्ग में एनसीसी कैडेटों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

भोपा, २४ अगस्त (बु.)। जनता इंटर कॉलेज भोपा में जूनियर एवं सीनियर वर्ग में कैडेटों की नई भर्ती की गई। सीनियर डिवीजन में ६३ कैडेट एवं जूनियर डिवीजन में ६१ कैडेटों ने लिखित परीक्षा में प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने कहा कि एनसीसी सैन्य विभाग का ही एक अभिन्न अंग है। इससे कैडिट में समाज सेवा एवं देश भक्ति का जज्बा पैदा होता है। इससे पूर्व जूनियर एवं सीनियर वर्ग के कैडेटों की शारीरिक परीक्षा एवं लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में ६१ कैडिट एवं सीनियर वर्ग में ६३ कैडेटों ने लिखित परीक्षा में प्रतिभाग किया। सूबेदार जसवंत सिंह ने बताया कि सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में लिखित परीक्षा का परीक्षा फल घोषित किया जाएगा और रिक्त पदों पर जूनियर वर्ग के ५४ तथा सीनियर वर्ग के ५२ कैडेटों को लिखित परीक्षा के आधार पर भर्ती किया जाएगा। इस अवसर पर कैप्टन अरविंद कुमार, सेकेंड ऑफिसर रमन सिंह सहित सैन्य विभाग के अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# संदिग्ध को लाखों रुपए की नशीली अवैध अफीम के साथ किया अरेस्ट

बुढ़ाना, २४ अगस्त (बु.)। बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी ने बीती सोमवार की देर रात गश्त के दौरान एक युवक को तीन लाख रुपए की कीमत की अफीम के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के निर्देश पर बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी राहुल कुमार जब अपने हमराह सब इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल वकार खान, कांस्टेबल कुलवंत सिंह और कांस्टेबल अभिषेक कुमार के साथ बीती सोमवार की देर रात लगभग १० बजे गश्त कर रहे थे, तो उन्होंने एक मुखबिर की सटीक सूचना पर चौकी के पास से गुजर रहे स्पलेंडर बाइक सवार युवक को चैकिंग के दौरान रोका लिया, जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से लगभग एक किलो २०० ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी कीमत बाजार में लगभग तीन लाख रुपए बताई गई है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम महमूद पुत्र इकरामुद्दीन निवासी मौहल्ला जागवान पट्टी गांव हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर बताया। बरामद मोटर साइकिल का नंबर यूपी १२ ए ५६०६ है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए उक्त आरोपी के खिलाफ पूर्व में जनपद मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी में विभिन्न धाराओं में ०४ मुकदमे दर्ज हैं। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उक्त अपराधी शातिर किस्म का है। यह बिहार से अफीम लाकर शाहपुर थाना क्षेत्र में बेंचने का काम करता है, जो कि युवा वर्ग को इस नशे की लत में धकेल रहा है। महमूद दसवीं पास है। शाहपुर थाने में इसकी हिस्ट्रीशीट खोली जायेगी। इसके बारे में शाहपुर थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है। उधर दूसरी ओर बुढ़ाना सीओ विनय गौतम ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार और बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी राहुल कुमार को उक्त गुडवर्क करने पर बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस अपराधियों पर लगाम लगाने में कामयाब दिखाई पड़ रही है। आये दिन बुढ़ाना पुलिस कोतवाल संजीव कुमार के नेतृत्व में किसी ना किसी धारा में अपराधियों को जेल भेजकर क्राइम कम करने में अहम भूमिका निभा रही है, जो कि वास्तव में काबिल ए तारीफ है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक : 1786/8ए दिनांक : 09.08.2021

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी (http://wms.uppwd.gov.in/prahari) के माध्यम से लो0नि0वि0 उत्तर प्रदेश में रजिस्टर्ड फर्म से दिनांक 09.09.2021 प्रातः 11 बजे से दिनांक 15.09.2021 दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 16.09.2021 अपराह्न 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित रजिस्टर्ड फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि एवं समय http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी जायेगी। शासनादेश सं0 317/तेईस-7-2018-176सा0/2006टी0सी0-1 दिनांक 10.04.2019 के अन्तर्गत निविदा सूचना में अंकित तालिका के कॉलम 6 में प्रदर्शित निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित ऑनलाईन ( E-Banking द्वारा) जमा करना अनिवार्य होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड एवं फाईनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद मुजफ्फरनगर में अति विशिष्ट व्यक्तियों (वी.आई.पी. के भ्रमण हेतु स्वीस कोटेज एवं हैलीपेड इत्यादि का कार्य) | 9.00 | 0.00 | एक वर्ष | 500+250+135 = 885 | भवन श्रेणी ए, बी, सी एवं डी |
| 2 | जनपद मुजफ्फरनगर में निर्माण खण्ड-1 के अधीन पड़ने वाले मार्गों पर दाग मरम्मत इत्यादि का कार्य। | 9.00 | 0.00 | एक वर्ष | 500+250+135 = 885 | मार्ग श्रेणी ए, बी, सी एवं डी |

➢ निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
➢ कोविड-19 महामारी को रोकने से सम्बन्धित सभी उपायों को अपनाते हुए कार्य सम्पादित कराया जाना अनिवार्य होगा
➢ वित्त लेखा अनुभाग के शासनादेश सं0 16/2020/ए-1-10 मा0स0/एस-2020 दिनांक 29.12.2010 एवं उ0प्र0 लोक निर्माण अनुभाग-7 के शासनादेश संख्या 480/तेईस-7-2021 दिनांक 12.04.2021 के क्रम में मुख्य अभियंता (मु0-2), कार्यालय प्रमुख अभियंता उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्रांक 3951 एम0टी0/सामान्य वर्ग 60एम0टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 के अनुपालन में निविदा सूचना के कॉलम संख्या में अंकित धरोहर धनराशि शून्य पढ़ी जाये। निविदादाता को संलग्न प्रारूप (Refer Clause 18.1 of ITB) पर शपथपत्र देना अनिवार्य होगा। शासनादेशों में निहित निर्देशों के क्रम में न्यूनतम निविदादाता को अनुबन्ध गठन से पूर्व 3 प्रतिशत परफोरमेन्स सिक्योरिटी जमा करना अनिवार्य होगा।

सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर — अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर

www.upinformation@nic.in आर.ओ. संख्या : 166708सू.एवं.ज.सं.वि.-(विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक 24.08.2021



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर**

पत्रांक : 4758/24एम0एस-एस(मुजफ्फरनगर)/2021 दिनांक : 16.08.2021

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी (जैसा लागू हो) मार्ग कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से टी0-2 द्वारा प्रतिशत दर पर आधारित बिड नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदादाता बिड से सम्बन्धित अभिलेख (जैसे- कॉन्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्रों, कॉन्ट्रेक्ट की शर्तें, तकनीकी विशिष्टियां एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्तें इत्यादि) की भली भांति जांच कर लें।

| क्र.सं. /लॉट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित टेण्डर कॉस्ट+स्टेशनरी चार्जेज+ जी0एस0टी0 | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुजफ्फरनगर | मुजाहिद से कैराना-बुढ़ाना मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 47.50 | 0.00 | 3 माह | 2000.00+300.00+414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी एवं सी |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करों को जोडते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
➢ निविदा में मांगा गया निविदा प्रपत्र मूल्य (कॉलम नं0 7 के अनुसार) ऑनलाईन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात यू0टी0आर0 प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगा।
➢ कोविड-19 महामारी से रोकने से सम्बन्धित सभी उपाय अपनाते हुए समस्त कार्य सम्पादित कराये जाने अनिवार्य होंगे।
➢ शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस-7-2020-176(सा)/06, दिनांक 25.08.2020 के अनुसार निविदाएं प्रहरी एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।
➢ निविदा ऑनलाईन दिनांक 08.09.2021 को प्रातः 11 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 15.09.2021 की सायं 5 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 15.09.2021 को अपराह्न 12 बजे खोली जायेगी। अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडे कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खाली जायेंगी।
➢ शासनादेष संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार, निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरांत निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने व निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
➢ प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या डी0ओ09/4/2020-पी0पी0डी0 12.11.2020 वित्त लेखा अनुभाग के शासनादेश संख्या 18/2020/ए-1-10मा0स0/10-2020 दिनांक 29.12.2020 लो0नि0अनुभाग-7 के शासनादेश संख्या 480/तेईस-7-2021 दिनांक 12.04.2021 के क्रम में मुख्य अभियन्ता (मु0-2), कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 3951 एम0टी0/सामान्य वर्ग/60एम0टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 एवं मुख्य अभियन्ता, सहारनपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, सहारनपुर के पत्रांक 858नि0/41नि0-स0पुर क्षेत्र/2021 दिनांक 17.04.2021 के अनुपालन में निविदा हेतु कोई धरोहर राशि वांछित नहीं है। निविदादाता को टी2 में संलग्न Annexure-III (Refer Clause 16.1 of ITB) रुपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथपत्र देना अनिवार्य होगा। शासनादेशों में निहित निर्देशों के क्रम में न्यूनतम निविदादाता को अनुबन्ध गठन से पूर्व 3 प्रतिशत की परफोरमेन्स सिक्योरिटी जमा करना अनिवार्य होगा।
➢ निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर, pdpwdmzn@gmail.com — अधीक्षण अभियन्ता, सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर, sesrepwd@gmail.com

www.upinformation@nic.in आर.ओ. संख्या : 166731सू.एवं.ज.सं.वि.-(विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक 24.08.2021



**सौरासिस**

32 वर्षों से प्रसिद्ध देशी इलाज

• एलर्जी • सफेद दाग
• पित्ती उछलना • खाल खुजली

**डा० जगदीश गर्ग**

163, चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल) महावीर चौक रोड, मुज़फ़्फ़रनगर

★जिरयान व धात जाना ★ शीघ्र पतन
★नामर्दी व सुस्ती ★ स्वप्न दोष
★वीर्य में Sperm Count & Motility की कमी के रोगी अवश्य मिलें।

मिलने का समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक

Mob. : 9410064040 रविवार अवकाश

नोट : शराब छुड़ाने की दवाई दी जाती है। रोगी को लाने व बतलाने की आवश्यकता नहीं।



**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
उप-सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
(आ.)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com




# भाजपा कार्यालय पर स्व. कल्याण सिंह की श्रद्धांजंलि सभा आयोजित हुई

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बुस.)। आज गाँधीनगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय राजनीति के वट वृक्ष रामभक्त कुशल राजनीतिज्ञ, महान राष्ट्रभक्त, जननायक, हम सबके प्रिय नेता स्व. कल्याण सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व संचालन जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र पाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यमंत्री उप्र कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, बुढ़ाना विध ायक उमेश मलिक, खतौली विधायक विक्रम सैनी, पूर्व मंत्री सुधीर बालियान, पूर्व चेयरमैन आयुष बोर्ड डॉ. सुभाष चन्द शर्मा, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, रामकुमार सहरावत, सुधीर सैनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीन सैनी, महेन्द्र आचार्य आदि वक्ताओं ने कल्याण सिंह के साथ बिताए गये क्षणों का विस्तार से वर्णन किया। अपने संस्मरण सबके बीच रखे और स्व. कल्याण सिंह के चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कल्याण सिंह का जन्म ६ जनवरी १६३२ को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। कल्याण सिंह २ बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और कई बार अतरौली के विध ानसभा सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, पहली बार कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री वर्ष १६६१ में बने और दूसरी बार यह वर्ष १६६७ में मुख्यमंत्री बने थे। ये प्रदेश के प्रमुख राजनैतिक चेहरों में एक इसलिए माने जाते हैं, क्योंकि इनके पहले मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान ही बाबरी मस्जिद की घटना घटी थी। वे राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे। उत्तर प्रदेश के लोग कल्याण सिंह को प्यार से बाबूजी पुकारते थे और उन्हें प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता के रूप में जाना जाता है। उनका व्यक्तित्व आसमान की ऊंचाईयों के समान था। उनका विचार था कि देश की खुशहाली का रास्ता गाँव गली और गलियारों से होकर गुजरता है। वे हमेशा गांव गरीब किसान व मजदूरी की खुशहाली के बारे में विचार करते थे। ६ दिसम्बर को विवादित ढांचा ध्वस्त होने के बाद ढांचे के साथ उप्र की सरकार भी चली गई थी। कल्याण सिंह ने यह भी कहा था राम मन्दिर बनाने की खातिर एक क्या १० बार सरकार कुर्बान करनी पड़ेगी, तो हम तैयार है। ६ दिसम्बर की घटना मेरे लिए राष्ट्रीय शोक नहीं राष्ट्रीय गर्व है और बाबरी विध्वंस को लेकर मन में न कोई पछतावा है न कोई शोक है, न कोई खेद है और न कोई पश्चाताप का भाव है। उन्ही कल्याण सिंह ने कहा था कि बार-बार दोहराया था कि कार सेवकों पर गोली नहीं चलवाऊँगा। संघ और भारतीय जनता पार्टी के संस्कार उनके रक्त के बूँद-बूँद में समाए हुए थे। इसलिए उनकी इच्छा थी कि मैं जीवन भर भाजपा में रहू, जीवन का जब अंत होने को हो, तो मेरा शव भी भारतीय जनता पार्टी के झण्डे में लिपटकर जाए। ऐसे राष्ट्रभक्त व रामभक्त नेता जी को मैं हृदय से नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पिछड़ा आयोग सदस्य जगदीश पांचाल, कुशपुरी, श्रीमोहन तायल, राजीव गर्ग, जितेन्द्र कुच्छल, जिला महामंत्री विजय सैनी, सुषमा पुण्डीर, रोहिल वाल्मिकी जिला उपाध्यक्ष रोहताश पाल, संजय गर्ग, जिला रेणु गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी प्रभारी प्रवीण शर्मा, कुशवेन्द्र तोमर, अंजना शर्मा, नीरत गौतम, सीमा शर्मा, रोशनी पांचाल, रजत त्यागी, तरूण पाल, सागर वाल्मिकी, विशाल गर्ग, मण्डल अध यक्ष राजेश पाराशर, हरेन्द्र पाल, मनोज राठी, महेश सैनी, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, बोबी, हनीपाल, मुकेश टेलर, संजय मुण्डभर, संजय सक्सैना, संजय अग्रवाल, डॉ. जीत सिंह, कमलकांत शर्मा, प्रमोद त्यागी, ब्रिजेश दीक्षित, सोशल मीडिया जिला संयोजक रक्षित नामदेव, हरपाल सिंह महार, रविकांत शर्मा, बशेश्वर दयाल, विपुल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।


**आवश्यक सूचना**

किसान इण्टर कॉलेज अलीपुर खेड़ी, मुजफ्फरनगर की साधारण सभा के सभी सदस्यों व मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी अलीपुर खेड़ी, मुजफ्फरनगर के प्रार्थना पत्र दिनांक 12.07.2021 के निस्तारण के कारण जिला विद्यालय निरीक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा प्रबन्ध समिति वर्ष 2021 का चुनाव स्थगित कर दिया गया था। श्री राजेन्द्र सिंह को नोटिस रजिस्टर्ड पोस्ट व वाट्सअप, मेल व सार्वजनिक सूचना दैनिक हिन्दुस्तान के द्वारा भी सूचित किया गया था। पर्याप्त समय के पश्चात भी श्री राजेन्द्र सिंह के उपस्थित न होने के कारण चुनाव प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ की जाती है।

**चुनाव कार्यक्रम**

मतदान स्थल - परिसर किसान इण्टर कॉलेज, अलीपुर खेड़ी, मुजफ्फरनगर
मतदान दिनांक - 29.08.2021 दिन रविवार को प्रात: 8:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक
मतगणना दिनांक - 29.08.2021 दिन रविवार मतदान के तुरंत पश्चात

किसान इण्टर कॉलेज, अलीपुर खेड़ी, मुजफ्फरनगर/चैम्बर नं0ई 14 कोर्ट कम्पाउण्ड, मुजफ्फरनगर

भवदीय
(श्री अजय सहरावत एडवोकेट)
चुनाव अधिकारी



**विज्ञप्ति**

सर्व ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के थाना कोतवाली नगर पर लावारिस/मालमुकदमाती एम.वी. एक्ट दाखिल 61 वाहन, जो विगत 6 माह से अधिक समय से थाना परिसर में खड़े हुए हैं, की दिनांक 28.08.2021 को समय 11 बजे प्रात: थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर में नीलामी की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 28.08.2021 को थाना कोतवाली नगर में समय 11 बजे उक्त थाने पर दाखिल उपरोक्त वाहनों की नीलामी में रु.50,000/- अरनेस्टमनी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इच्छुक ठेकेदार अन्य कोई जानकारी थाना कोतवाली नगर पर आकर प्राप्त कर सकता है। तथा इच्छुक ठेकेदार अपने साथ आधार कार्ड/वोटरआईडी/पेनकार्ड/जी.एस.टी. नम्बर सहित लेकर आयेंगे। जिस ठेकेदार की बोली सबसे अधिक होगी, तो नीलामी उसी अधिक धनराशि वाले ठेकेदार के नाम छोड़ी जायेगी, जिसे उसी दिन जमानत के रूप में 25% धनराशि जमा करनी होगी। छोड़ी गयी बोली पर नियमानुसार निर्धारित जीएसटी अलग से जमा किया जायेगा।

थाना मो. नं. : 9454404073

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद-मुजफ्फरनगर

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# पाकिस्तान के तालिबान

एक अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान हैं और एक पाकिस्तान के तालिबान हैं। पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान की जीत पर तो ख़ुश हैं, मगर अपने यहाँ के तालिबान से उसे बेचैनी है। पाकिस्तान ने अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के शासन को लेकर भले ही गर्मजोशी दिखायी हो, लेकिन सत्ता बदलने के बाद से उसे एक फ़िक्र भी परेशान कर रही है। पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख रशीद अहमद ने इसका ज़िक्र करते हुए बताया कि उनकी सरकार इसे लेकर अफ़ग़ान तालिबान के संपर्क में है। पाकिस्तान सरकार की चिंता 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' यानी टीटीपी को लेकर है। टीटीपी पर पाकिस्तान में चरमपंथ की कई घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। इस संगठन को पाकिस्तानी तालिबान के तौर पर भी पहचाना जाता है और ये पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान के सरहदी इलाकों में सक्रिय है। ये दावा भी किया जाता है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के चरमपंथी,पाकिस्तान में हमलों के लिए अफ़ग़ानिस्तान की ज़मीन का इस्तेमाल करते हैं। संयुक्त राष्ट्र की जुलाई में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक अफ़ग़ानिस्तान में तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के छह हज़ार से ज़्यादा प्रशिक्षित लड़ाके हैं। पाकिस्तान तालिबान के, अफ़ग़ान तालिबान से गहरे रिश्ते बताए जाते हैं। अफ़ग़ानिस्तान की अमेरिका के समर्थन वाली पूर्व सरकार से अफ़ग़ान तालिबान के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के तालिबान ने उनका समर्थन और सहयोग किया। पाकिस्तान मीडिया में आई रिपोर्टों के मुताबिक काबुल पर तालिबान के नियंत्रण स्थापित होने के बाद अफ़ग़ानिस्तान में 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' के कई चरमपंथियों को रिहा कर दिया गया है। पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख रशीद अहमद ने बताया कि इमरान ख़ान सरकार ने इसे लेकर अफ़ग़ान तालिबान से संपर्क किया है और तालिबान ने भरोसा दिलाया है कि वो तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के चरमपंथियों को पाकिस्तान के ख़िलाफ़ अफ़ग़ानिस्तान की ज़मीन इस्तेमाल नहीं करने देंगे। गृहमंत्री शेख रशीद अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, इस मामले से जुड़े अफ़गानिस्तान के अधिकारियों से कहा गया है कि जिन लोगों ने पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया हैं, उन पर नियंत्रण रखा जाए ।पाकिस्तान ने पाकिस्तानी तालिबान से जुडे 'मोस्ट वांटेड आतंकवादियों' की एक लिस्ट अफ़ग़ान तालिबान को सौंपी है। बताया जाता है कि इस लिस्ट में उन चरमपंथियों के नाम शामिल हैं, जो फिलहाल अफ़ग़ानिस्तान में सक्रिय हैं। तहरीक-ए-तालिबान यानी पाकिस्तान तालिबान की स्थापना दिसंबर 2007 में 13 चरमपंथी गुटों ने मिलकर की थी। पाकिस्तान के तालिबान का मक़सद पाकिस्तान में शरिया पर आधारित एक कट्टरपंथी इस्लामी शासन कायम करना है ।पाकिस्तानी तालिबान का पाकिस्तान की सेना से टकराव बना रहता है। कुछ वक़्त पहले संगठन के प्रभाव वाले इलाक़े में पेट्रोलिंग कर रहे एक पुलिसकर्मी को बुरी तरह पीटने की ख़बर सामने आई थी ।साल 2014 में पेशावर में एक आर्मी स्कूल पर हुई गोलीबारी में करीब 200 लोगों की जान चली गई थी जिनमें ज़्यादातर छात्र थे। इस घटना के लिए पाकिस्तान के तालिबान को ज़िम्मेदार बताया जाता है। पाकिस्तान साल 2014 से अपने यहाँ के तालिबान के ठिकानों को ध्वस्त करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान सीमा पर मौजूद इलाक़ों में पाकिस्तान के तालिबान का ख़ासा प्रभाव है। ये माना जाता है कि इनके ज़्यादातर सदस्य अफ़ग़ानिस्तान में हैं और वहीं से सीमापार हमलों की योजना बनाते हैं। उधर ख़ुद को 'इस्लामिक स्टेट' कहने वाले चरमपंथी संगठन ने अफ़ग़ानिस्तान के तख़्ता पलट पर कहा है कि तालिबान को वहां कोई जीत हासिल नहीं हुई है, बल्कि अमेरिका ने इस मुल्क की कमान उन्हें सौंप दी है। 'इस्लामिक स्टेट' ने अपने साप्ताहिक अख़बार अल-नबा के संपादकीय में कहा है, ये अम्न के लिए जीत है, इस्लाम के लिए नहीं। ये सौदेबाज़ी की जीत है न कि जिहाद की। इस्लामिक स्टेट ने 'नए तालिबान' को -इस्लाम का नक़ाब पहने' एक ऐसा 'बहुरूपिया' करार दिया जिसका इस्तेमाल अमेरिका मुसलमानों को वरगलाने और क्षेत्र से इस्लामिक स्टेट की उपस्थिति ख़त्म करने के लिए कर रहा है। इससे पहले इस्लामिक स्टेट के समर्थक ये आरोप लगाते रहे हैं कि तालिबान अमेरिका के गंदे कामों को अंज़ाम दे रहा है। अपने ताज़ा बयान में इस्लामिक स्टेट ने कहा है कि वे जिहाद के नए चरण की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने ये स्पष्ट नहीं किया है कि उनका अगला टारगेट क्या है, लेकिन जिस संदर्भ में उन्होंने ये बात कही, उससे ये अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि वे अफ़ग़ानिस्तान की ओर संकेत कर रहे हैं। अफ़ग़ानिस्तान में इस्लामिक स्टेट की मौजूदगी को कमज़ोर करने में तालिबान की अहम भूमिका रही है। ख़ासकर साल 2019 में इस्लामिक स्टेट के ख़िलाफ़ तालिबान, अमेरिका और अफ़ग़ान सुरक्षाबलों ने एक साथ मोर्चा खोल दिया था, जिससे पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान में इस्लामिक स्टेट को अपना मज़बूत किला गंवाना पड़ा। इसके बाद से इस्लामिक स्टेट तालिबान पर अमेरिका के साथ मिलीभगत करने का इलज़ाम लगाता रहा है। अपने ताज़ा संपादकीय में इस्लामिक स्टेट ने तालिबान के उस वादे पर संदेह जताया है, जिसमें 'वास्तविक' शरिया क़ानून को लागू करने की बात कही गई थी। छह साल पहले साल 2015 के जनवरी महीने में तालिबान और इस्लामिक स्टेट ने एक दूसरे के ख़िलाफ़ जंग का एलान कर दिया था। तब इस्लामिक स्टेट ने अपनी 'ख़ुरासन शाखा' के गठन की घोषणा की थी। अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान, ईरान और मध्य एशिया के कुछ हिस्सों को इतिहास में ख़ुरासन के नाम से जाना जाता है। तब ये पहली बार हुआ था कि इराक़ और सीरिया में अपनी जड़े रखने वाले इस्लामिक स्टेट ने पहली बार अरब दुनिया से बाहर अपने विस्तार की घोषणा की थी। अगर पाकिस्तान के तालिबान, अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान की तरह पाकिस्तान में लोकतंत्र को ख़त्म करके अपना राज क़ायम कर दें, तो इमरान ख़ान और अन्य नेताओं का क्या होगा? पाकिस्तान में यह सवाल भी उठ रहा है। ऐसा भी अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई तरह के आतंकवादी आपस ही में एक-दूसरे के ख़िलाफ़ जंग न छेड़ दें।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'नेता' 'जेल' 'ताक़त' 'नशा'

पुलिस पर जो भड़कता था, पुलिस उस पर भड़कती है,
वो नेता जेल से छुटने को हर लम्हा तरसता है।
न ओहदे का न ताक़त का,नशा कोई नहीं अच्छा,
नशा मय का हो सत्ता का, उतरता ही उतरता है।

# इंसाफ पाने के लिए भटक रही महिला

जानसठ, 24 अगस्त ( बु. )। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि वह अपने दोस्तों के साथ सोने के लिए मजबूर करता है। मना करने पर उसके साथ जमकर मारपीट करता है। पुलिस में शिकायत की, तो उल्टे उस पर ही चोरी का आरोप लगाकर पति ने तहरीर दी है। कार्रवाई न होने पर महिला ने उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी करीब 6 साल पहले हुई थी। लेकिन उसका पति उसके साथ मारपीट करता है। उसने बताया कि आए दिन वह घर पर अपने दोस्तों के साथ घर में बैठकर मांस व मदिरा का सेवन करता है। नशे में वह उसे अपने दोस्तों के साथ सोने के लिए मजबूर करता है। यदि वह मना करती है, तो उसके साथ जमकर मारपीट करता है। उसने अपने शरीर पर जख्म दिखाते हुए बताया कि दो दिन पहले भी उसने उसके दोस्तों के साथ जाने के लिए मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई। उसने बताया कि गत् 21 अगस्त को उसने कोतवाली में तहरीर देकर पति की करतूतों की सूचना पुलिस को दी थी, लेकिन कुछ देर बाद ही उसके पति ने उसके खिलाफ ही घर के जेवर चुराने की तहरीर दे दी। जिसके बाद पुलिस ने जांच करने को कहकर उसे टरका दिया गया। मंगलवार को महिला ने उच्चाधिकारियों से मिलकर अपने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई अवधेश शर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।



गन्ना भुगतान को लेकर बैठक लेते डीएम। —फोटो बुलेटिन

# बकाया गन्ना भुगतान न होने पर डीएम ने लगाई फटकार

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। भाकियू समेत किसान संगठनों की आगामी 5 सितम्बर को होने वाली महापंचायत की तैयारियों के बीच डीएम शुगर मिल प्रबंधन के साथ संपन्न हुई बैठक में मंगलवार को उस वक्त सख्त दिखाई दिए, जब कुछेक शुगर मिल गन्ना भुगतान जैसे मुद्दे पर संवेदनहीन रहे। हालांकि इस बीच जनपद की चार चीनी मिल टिकौला, खतौली, मन्सूरपुर एवं रोहाना कलां की ओर से पेराई सत्र 2020-21 का शत-प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान कर अपनी छवि को बनाने में सफल रहे। मंगलवार को डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में जनपद में गन्ना भुगतान की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में तितावी चीनी मिल की ओर से पेराई सत्र 2020-21 का 1.64 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है तथा करीब 10 करोड़ रुपए किसानों को उपलब्ध कराने के लिए एग्री इनपुट से समायोजित करने के उपरांत चीनी मिल पर अवशेष साढ़े तीन करोड़ रुपए का भुगतान 31 अगस्त तक कर दिए जाने का डीएम को आश्वासन दिया गया। इसके अलावा चीनी मिल खाईखेडी की ओर से भी 31 अगस्त तक पूर्ण भुगतान का आश्वासन दिया गया। बैठक में डीएम चंद्रभूषण सिंह ने एडीएम प्रशासन अमित सिंह तथा जिला गन्ना अधिकारी डॉ. आरडी द्विवेदी के साथ गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में चीनी मिल मोरना के प्रधान प्रबंधक ने डीएम को अवगत कराया कि उनकी चीनी मिल को 8.53 करोड़ रुपए सब्सिडी की धनराशि तथा करीब 12 करोड़ रुपए शासन से यथाशीघ्र प्राप्त होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया इस प्रकार चीनी मिल प्रशासन पांच सितम्बर से पूर्व करीब 20 करोड़ रुपये का शेष भुगतान कर देगा। डीएम ने चीनी मिल मोरना के प्रधान प्रबंधक को 15 सितंबर तक सम्पूर्ण अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान करने के निर्देश दिए। वहीं चीनी मिल भैंसाना के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि चीनी मिल द्वारा चीनी बिक्री कर भुगतान कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगस्त में अब तक 46 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है तथा 31 अगस्त तक 60 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया जायेगा। भैंसाना चीनी मिल प्रतिनिधि ने प्रत्येक माह 60 करोड़ रुपए का भुगतान करने का अधिकारियों को इस बीच आश्वासन दिया। डीएम ने भैंसाना चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया कि चीनी बिक्री में तेजी लाकर तथा अन्य संसाधनों से वे किसानों का यथाशीघ्र भुगतान सुनिश्चित करायें, अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी डॉ. द्विवेदी ने अवगत कराया कि चीनी मिल द्वारा टैगिंग आदेशों का पूर्ण रूप से अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिस पर रोष व्यक्त करते हुए डीएम ने पुनः तमाम चीनी मिल प्रतिनिधियों को कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में एके दीक्षित, सुधीर कुमार, कमल रस्तौगी, लोकेश कुमार, धीरज कुमार, कुलदीप राठी, संजीव कुमार, नरेश मलिक व देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



## २८६ लोगों को लगाया कोरोना का टीका

कैराना, २४ अगस्त (बु.)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कैराना के सरकारी अस्पताल में २८६ लोगों का कोरोना के बचाव हेतु वैक्सीनेशन कराया गया। मंगलवार को कैराना के सरकारी अस्पताल पर तैनात ब्लॉक प्रबंधक अतुल गर्ग ने बताया कि सरकारी अस्पताल पर कोरोना के बचाव हेतु २८६ लोगों को वैक्सीनेशन कराया गया। उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में हर रोज अलग-अलग बूथ बना कर वैक्सीनेशन कराया जा रहा है।

# पैग़ाम-ए-इंसानियत क ेलगाये वैक्सीनेशन कैम्प क ा दानिश ने किया उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। शहर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था पैगाम-ए-इंसानियत ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर शहीद चौक पर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन कर टीकाकरण अभियान चलाया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैम्प का उदघाटन सोनी टीवी पर पिछले दिनों चले प्रसिद्ध कार्यक्रम इंडियन आइडियल के मुजफ्फरनगर के प्रतिभागी रहे मौ दानिश खान द्वारा किया गया। कैम्प का आरम्भ सुबह 9:30 और समापन शाम 4:30 बजे हुआ। पैग़ाम-ए-इंसानियत के सदस्यो ने इस वैक्सीनेशन कैम्प से पहले ही क्षेत्र में अभियान चलाकर अच्छा प्रचार प्रसार किया, जिसमें टीकाकरण और कोरोना से बचाव की महत्ता को समझाया गया, जिसके फलस्वरूप 300 से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया। कैम्प का शुभारंभ करने के बाद मौ. दानिश खान ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन कराने की अपील करते हुए लोगों को कोविड नियमो का पालन करने की हिदायत दी तथा दो गज़ की दूरी बनाने हाथ सही तरह से धोने व सैनेटाइज़र के उपयोग की भी अपील की मौ. दानिश ने पैग़ाम-ए-इंसानियत संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह लोग मेरे फैन हैं। इसी तरह मै पैग़ाम-ए-इंसानियत के अध्यक्ष आसिफ राही के द्वारा किये गये कार्यो का फैन हूँ क्योंकि मैं हमेशा संस्था द्वारा किये गये कार्यो को देखता हूं, जो वास्तव में सराहनीय है। इस अवसर पर पैग़ाम-ए-इंसानियत के अध्यक्ष आसिफ राही ने कहा कि सभी लोगों को समझना चाहिए कि कोरोना अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। दूसरी तरफ सरकार की तरफ से तीसरी लहर की भी चेतावनी जारी की गई है, इसलिए हमें चाहिए कि भीड़ भाड़ से बचें। समय से वैक्सीनेशन करायें और कोविड नियमों का पालन हर हाल में करें। इस अवसर पर यूनिसेफ से तरन्नुम सिद्दीकी, रिफाक़त अली, स्वच्छ भारत मिशन से सरदार बलजीत सिंह, डा. शाहनवाज़ अली, भाईचारा मिशन से मास्टर इसरार आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मजहर राही, दिलशाद पहलवान, दिलशाद अंसारी, फैज़ान अंसारी, अमीर आज़म आदि का योगदान रहा।

# अब किसान महापंचायत की तैयारियों में जुटी भाकियू

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। केंद्र सरकार के खिलाफ बीते करीब 9 माह से तीन कृषि कानूनों को लेकर चलाए जा रहे किसान आंदोलन को लेकर अब भाकियू आरपार की जंग के मूड़ में दिखाई दे रही है। ऐसे हालातों के बीच केंद्र सरकार को घेरने की जद्दोजहद में जुटे भाकियू नेताओं ने मंगलवार को आगामी 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा की उक्त महापंचायत को सफल बनाने को भाकियू कार्यकर्ताओं ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान का निरीक्षण करते हुए रैली के लिए आवश्यकता को देखते हुए तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया। इस महापंचायत में देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना है। भाकियू के मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र मलिक ने बताया कि जिला मुख्यालय पर केंद्र सरकार द्वारा 3 कृषि कानूनों को लेकर आगामी 5 सितम्बर को होने वाली महापंचायत में जनसैलाब उमड़ने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस महापंचायत के आयोजन का जिम्मा संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से जनपद में भाकियू को मिला है। इसके लिए भाकियू अपने वालिंटियर तैनात करेगी। उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर को जीआईसी मैदान का जायजा लेकर आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गयी है। उन्होंने बताया कि महापंचायत में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के किसान व दक्षिण भारत के किसान नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत किसान आंदोलन को लेकर अब दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने दावा किया कि मुजफ्फरनगर की महापंचायत किसान आंदोलन की आगे के आंदोलन की दशा एवं दिशा को तय करेगी। उन्होंने बताया कि आज संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों व दूसरे किसान संगठनों के लोगों ने भी यहां आकर किसान महापंचायत की सफलता एवं तैयारियों को लेकर चौधरी राकेश टिकैत के आवास पर बैठक की गई है।

## डाक बंगले पर भाजपा नेताओं द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया

जानसठ, २४ अगस्त (बु.)। जानसठ डाक बंगले पर आयोजित शोक सभा में भाजपा नेताओं ने राममय एवं राष्ट्रमय जीवन जीने वाले राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में एलडीबी के चेयरमैन बृजेश रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सुरेंद्र बंसल, डॉ. सतीश खटीक, महेश शर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, अनुज सैनी, मनदीप छाबड़ा, चंद्र प्रकाश, पंकज कश्यप, रामधारी कश्यप, कुशल पाल, समीर जैदी, प्रवीण पाल, तुषार पाल, अंकुर पाल, प्रशांत, नरेंद्र पाल, विनोद पाल, विशाल सैनी, धर्मेश सैनी, पुष्पेंद्र, डॉ. प्रदीप सैनी, सोनी, मोहम्मद खलील अंसारी, जयचंद, प्रेम प्रजापति, गौरव गर्ग, गुड्डू बाल्मीकि, रमेश पेंटर आदि कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



जिला न्यायलय में आज भारी भीड़ रही जिसका नजारा आप भी देखिए। —फोटो बुलेटिन

## श्रद्धांजलि



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय
श्री प्रवीण कुमार अग्रवाल (ठेकेदार) का स्वर्गवास
दिनांक : 15 अगस्त 2021, दिन रविवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म तेरहवीं दिनांक : 26 अगस्त 2021,
दिन बृहस्पतिवार को होनी निश्चित हुई है।

हवन प्रातः 8 बजे, ब्रह्मभोज दोपहर 12 बजे,
रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दोपहर 2 बजे,
स्थान : रामलीला ग्राउंड,
निकट मण्डी कोतवाली, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

—शोकाकुल परिवार—
विपिन कुमार अग्रवाल, कमल कुमार अग्रवाल (भाई)
शुभम अग्रवाल (पुत्र), शुभी गुप्ता-शिवम गुप्ता (पुत्री-दामाद)
दीपा मित्तल-अनिल कुमार मित्तल (बहन-बहनोई)
वैभव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल (भतीजे)
अध्यांश, माधव (पौत्र) एवं समस्त अग्रवाल परिवार

-: निवास स्थान :-
130-131-सी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
फोन : 9219552012, 9837606858
नोट : कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

# किसान क्रांति दिवस पर रालोद करेगी तहसीलों का घेराव

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ रालोद ने एक बार फिर आंदोलन की तैयारी करते हुए हुंकार भरी है। अब 28 अगस्त को जिले के तहसील मुख्यालयों पर रालोद कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं इस दिन को रालोद किसान क्रांति दिवस के रूप में मनायेंगे और 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा। रालोद कार्यालय पर संपन्न बैठक में पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर ने पार्टी हाईकमान से मिले दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि 28 अगस्त को रालोद किसान क्रांति दिवस के रूप में मनायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस दिन किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, नौजवानों व महिलाओं के साथ सामाजिक मुद्दों और समस्याओं को लेकर रालोद कार्यकर्ता सभी तहसील मुख्यालयों का घेराव करते हुए धरना देंगे। उन्होंने इस आंदोलन को सफल बनाने को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए तहसीलों की पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी। बैठक में अभिषेक चौधरी गुर्जर,ए अजित राठी, ब्रज वीर सिंह, सोमपाल बालियान, कृष्णपाल राठी, संजय राठी, नकुल अहलावत, कैप्टन ज्ञानेंद्र, डॉ. अमित ठाकरान, चौ. नदीम एड, हंसराज जावला, संजय प्रधान, विपुल राठी, विकास बालियान, मा. उदयवीर सिंह, विनोद मलिक प्रमुख, रंजनवीर सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, विदित मलिक, जगपाल नेता, सार्थक लटियान, सुधीर भारतीय, पराग चौधरी, कमल गौतम, विकास कादियान, दीन मौहम्मद, अंकित सहरावत समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपाईयों ने ५वां वोटर कैम्प लगाया

खतौली, २४ अगस्त (बु.)। पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार मतदाता जागरूक अभियान के तहत सपाइयों द्वारा कैम्प लगाकर युवाओं के वोट बनाये गये। मिली जानकारी के अनुसार मतदाता जागरूक अभियान के अन्तर्गत सपा नगर अध्यक्ष इरशाद जाट व यूथ ब्रिगेड विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक गोयल के निर्देशन में नगर की इस्लामनगर कॉलोनी में पांचवा वोटर कैम्प लगाया गया। इस दौरान कैम्प में अपना वोट बनवाने आये युवाओं को सपा नेता अभिषेक गोयल ने वोट की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को १८ वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अपना वोट बनवाने तथा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अपने मत का प्रयोग किया जाना लोकतंत्र में हर मतदाता का अधिकार है। उसे अपने इस दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करते हुए अपने मनपसंद प्रतिनिधि का चुनाव करने का पूर्ण अधिकार है। कैम्प में यूथ ब्रिगेड ब्लॉक अध्यक्ष नदीम फारूखी, नईम मलिक, अर्पित गुप्ता, सरताल सलमानी, अफशान, अरशद मिर्जा, गौरव शर्मा, गुफरान आदि सपाई मौजूद रहे।

## विक्रम सैनी के संयोजन में कल्याण सिंह को दी श्रद्धांजलि

खतौली, २४ अगस्त (बु.)। भाजपा विधायक द्वारा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शोकसभा में भाजपाइयों द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान तथा हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मिली जानकारी के अनुसार आर्यन बैंकट हॉल में क्षेत्रीय विधायक विक्रम सैनी के संयोजन में एक शोकसभा हुई। शोकसभा में भाजपा विधायक विक्रम सैनी ने भाजपा के स्तम्भ व पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह को एक ओजस्वी व कर्मठ राजनेता बताते हुए कहा कि उन्होंने जनभावनाओं को समझाते हुए सत्ता का मोह त्याग कर अयोध्या में विवादित बाबरी ढांचे को ध्वस्त कराया तथा अयोध्या में भगवान राम के मंदिर निर्माण की बाधाओं को समाप्त करने की पहल की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह सदैव पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ जमीन स्तर से जुड़े पार्टी कार्यकर्ताओं से लगातार सम्पर्क रखते थे। उसी का परिणाम है कि संगठन के प्रति सजग बने रहने से जहां आम कार्यकर्ता संगठन के मन में संगठन के प्रति समर्पण का भाव दिखाई पड़ता था, वहीं संगठन में भी गति बनी रहती थी। शोकसभा में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय सदस्य कोमल सोम, विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित जैन, भाजपा युवामोर्चा के क्षेत्रीय सदस्य विनोद चौहान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र जैन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किये। भाजपा विधायक प्रतिनिधि पंकज भटनागर के संचालन में आयोजित शोकसभा में मनोज राठी, धर्मपाल प्रजापति, अमित त्यागी, सुधीर पुण्डीर, मोनमंगवानी, सतीश भगत, अजय भुर्जी सभासद, संजय चौहान, अमित उपाध्याय, करणवीर, गुरूदत्त अरोरा सभासद, नरेश पांचाल, मोहित जैन, यश गोयल, अजय कुमार गुप्ता, संजीव मिश्रा आदि सहित भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।


## बिकाऊ है

सूजडू चुंगी, मेरठ रोड पर प्लाण्ट, मशीनरी व स्क्रैप बिकाऊ है।

-: सम्पर्क करें :-
M. 9568656955

## मकान बिकाऊ है

एक मकान 100 गज में डबल स्टोरी, सभी सुविधाओं से युक्त 70-बी, पीठ बाजार चौड़ी गली, नई मण्डी, रूचि हलवाई के सामने, मुजफ्फरनगर में बिकाऊ है।

-: सम्पर्क करें :-
8979852256
9219493066




# पुरकाजी एसओ हो निलंबित, नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना होगा : पिछड़ा मोर्चा

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुरकाजी थाना अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के साथ की गई अभद्रता को लेकर आज जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ नेता श्याम लाल प्रजापति मोर्चा के पश्चिम अध्यक्ष देशपाल व संचालन सुमित व रामनिवास प्रजापति ने किया। इस दौरान धरने पर मोर्चा नेताओं ने बताया कि 2 दिन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति मण्डला गाँव के किसी मामले में फैसले के बाद थाना पुरकाजी गए थे, लेकिन थाना अध्यक्ष एचएन सिंह ने फैसला मानने से मना कर दिया था और कहा था कि हमारी दरोगा को 20,000 दिलवा दो, फैसला मान्य हो जाएगा, जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने विरोध किया, तो थानेदार ने दलितों व पिछड़ों पर अभद्र टिप्पणी की व अंबेडकर पर भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष पर गार्ड से राइफल लेकर उन पर तान दी और उन पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिया, जिसकी वजह से पिछड़े वर्ग में भारी रोष है। इस दौरान मांग की गई है कि अविलंब पुरकाजी थाना अध्यक्ष को निलंबित किया जाए, नहीं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अगर ऐसा नहीं होता तो मोर्चा सड़कों पर उतरकर अनिश्चितकालीन धरना देने को मजबूर होगा। इस दौरान मजिस्ट्रेट ने धरने पर पहुंचकर दो दिन का समय मांगा है ओर कार्यवाही आश्वासन दिया, वहीं जल्द ही बैठककर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान अधिकारियों ने ज्ञापन लिया व कारण 2 दिन के अंदर कार्रवाई का आश्वासन दिया साथ ही मोर्चा नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर 2 दिन के अंदर थाना अध्यक्ष को नहीं हटाया गया, तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह पाल, प्रभारी श्याम सुंदर प्रजापति, प्रभारी रामनिवास प्रजापति एडवोकेट, जिला सचिव शंकर पासी, जिला उपाध्यक्ष कृष्णपाल, वरिष्ठ नेता सत्यवीर प्रजापति, रमेश पाल, मनोज सैनी, राजेश सैनी, राजेश रामनिवास एडवोकेट, सुंदर पाल, गोविंद पाल, सुमित प्रजापति, पुष्पेंद्र पाल, प्रभात प्रजापति, विपिन, सुमित, वरदान, मोदी लाल प्रधान, आदि मौजूद रहे।

# एसडी मैनेजमेन्ट में बीसीए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं ने किया जिले का नाम रोशन

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बुस.)। आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने के उपलक्ष में एक ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली रिया पाल ने ७८.६ प्रतिशत अंक प्राप्त किये, द्वितीय स्थान पर आने वाली आंचल त्यागी जिसने ७७.३ प्रतिशत व तृतीय स्थान पर आने वाली रीतिका त्यागी ने ७७ प्रतिशत अंक प्राप्त किये। ऑनलाईन वार्ता करते हुए चयनित छात्र/छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावकों व बीसीए विभाग के सभी शिक्षकगणों को दिया। ऑनलाईन कार्यक्रम के प्रारम्भ में कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने तीनों छात्राओं को भविष्य में निरन्तर



आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने इस अवसर पर ऑनलाईन उपस्थिति में कहा कि बच्चों की मेहनत व शिक्षकों का सही मार्ग दर्शन ही बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाता है। हमारे कॉलेज का परीक्षाफल इस वर्ष भी पिछले वर्ष की ही तरह बहुत अच्छा रहा व उन्होंने बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष व सभी शिक्षकगणों का आभार व्यक्त किया। डॉ. संजीव तायल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे कॉलेज मे छात्र/छात्राओं के लिये समय-समय पर विभिन्न विशयों पर सेमिनार, वेबिनार, व वर्कशॉप का आयोजन होता रहता है तथा समय-समय पर विभिन्न कम्पनियों की इंडस्ट्रियल विजिट करायी जाती है, जिससे छात्र/छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना बनती है व उन्हे अपने बारे में भविष्य के निर्णय लेने के लिये आसानी हो जाती है। डॉ आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर बीसीए विभाग के वैभव वत्स, चॉदना दीक्षित, रोबिन गर्ग, नवनीत चौहान, मोहित गोयल, तरूण शर्मा, श्वेता, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, शशांक भारद्वाज, उमेश मलिक व सतीश आदि शिक्षकगणों एवं स्टॉफ नें ऑनलाईन कार्यक्रम में अपना प्रतिभाग किया व प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को बधाई व आशीर्वाद दिया।

# चार माह बाद खुले स्कूल, उपस्थिति रही बहुत कम

## ❑कोरोना गाइडलाइंस की जारी, सख्ती के बीच कराया प्रवेश
## ❑जनपद में कक्षा 6 से 8वीं तक के स्कूलों में लौटी रौनक

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। वैश्विक महामारी का बड़ा कारण बने कोरोना संकट काल में बंद चल रहे स्कूल-कॉलेजों में धीरे-धीरे रौनक लौटने लगी है। योगी सरकार की पहल पर बीते दिनों जारी शासनादेशों के बीच मंगलवार को कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक की कक्षाओं के दो पालियों में सफल संचालन से उत्साहित शिक्षा विभाग ने अब प्रदेश के साथ ही जनपद में कक्षा 6 से 8वीं कक्षा तक के तमाम स्कूलों में भी शिक्षण कार्य के लिए खोल दिया है। हालांकि इस बीच आज पहले दिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बेहद कम नजर आयी, लेकिन स्कूलों में पहुंचे बच्चों का अलग ही अंदाज स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया। इसके साथ ही कोरोना की जारी गाइडलाइंस के बीच स्कूलों में फेस मास्क व सैनिटाइजर के साथ छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में प्रवेश थर्मल स्क्रेनिंग कर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण पर ही किया गया। वैश्विक मुसीबतों का देश में बड़ा कारण बने कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर घातक रूप से प्रभावी होने के कारण देश के साथ ही प्रदेश में स्कूलों को बन्द कर दिया था। करीब 4 माह के बाद मंगलवार को अब प्रदेश में कोरोना संक्रमण के गिरते ग्राफ के बीच अधिकांश जनपदों में कोरोना संक्रमण से शून्य पर पहुंचे आंकड़ों के बीच जनजीवन समान्य होने के साथ ही स्कूलों में भी रौनक लौटने की उम्मीद जगी है। ऐसे में कोरोना महामारी के बीच करीब 4 महीने बाद मंगलवार से 50 फीसदी उपस्थिति के साथ कक्षा 6 से 8वीं तक के स्कूल खुल गए हैं। जनपद में भी स्कूलों में कक्षा 6 से 8वीं तक कक्षाओं में शिक्षण कार्य ऑफ लाइन होता दिखेगा, हालांकि स्कूल खुलने के प्रथम दिन स्कूलों में उपस्थिति कम दिखाई दी। इस बीच स्कूलों में कोविड गाइडलाइंस के तहत थर्मल स्केनिंग व सैनिटाइजेशन के बाद में छात्रों को फेस मास्क की अनिवार्यता के साथ प्रवेश दिया गया। शहर और गांव देहात के कई स्कूलों में इस दौरान पहुंचे बच्चों को तिलक लगाकर शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा स्वागत किया गया। इसके साथ ही कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के लिए भी बच्चों को स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से हिदायत दी गयी। उधर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मायाराम ने बताया कि प्रदेश में कोरोना महामारी के बीच अप्रैल 2021 से कक्षा 6 से 8वीं तक के विद्यार्थियों की बंद चली आ रही शिक्षण व्यवस्था को अब मंगलवार से कोविड गाइडलाइंस के बीच ऑफलाइन मोड़ में शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासनादेश को स्कूलों को अवगत करा दिया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल खुलने को लेकर प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में तैयारियां सोमवार को ही पूरी कर ली गई थी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सार्वजनिक अवकाश के चलते सोमवार को स्कूल बंद रहे। अब मंगलवार से स्कूल खुलवाये गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद् के अधीन 951 विद्यालय हैं, जिनमें से आज 353 विद्यालयों में कक्षा छठीं से 8वीं तक का शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसके साथ ही जनपद में पंजीकृत 1500 से अधिक निजी स्कूलों में भी शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो गया है। उन्होंने बताया कि आज पीईटी की परीक्षा होने के कारण शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया जा सका, लेकिन बुधवार से स्कूलों में कोविड प्रोटोकाल व अन्य व्यवस्थाओं को परखने के लिए निरीक्षण प्रारम्भ होगा।





२०१३ में हुए दंगे के आरोपी मंगलवार को पहुंचे कोर्ट, जिनमें पूर्व सांसद सईदुज्जमा, पूर्व विधायक मौलाना जमील एवं अन्य। फोटो बुलेटिन

## यूक्रेन ने अफगानिस्तान में अपने विमान के अपहरण की रिपोर्टों का खंडन किया

कीव, 24 अगस्त ( वार्ता ) यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने इन रिपोर्टों का खंडन किया है कि उसके यात्री विमान को अफगानिस्तान में तालिबान ने अपहृत कर लिया है। मंत्रालय ने कहा कि यह विमान अफगानिस्तान से 256 लोगों को निकाल कर यहां सुरक्षित उतर गया है। इससे पहले देश के उप विदेश मंत्री येवघेनी येनिन ने कहा था कि अफगानिस्तान में जो विमान यूक्रेन के लोगों को लेने गया था, ऐसा माना जाता है कि उसका अपहरण कर लिया गया है और उसका इस्तेमाल अन्य यात्रियों को ले जाने के लिए किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता निकोलेंको ने बताया कि अफगानिस्तान या किसी भी अन्य स्थान पर यूक्रेन के विमान का अपरहण नहीं किया गया है और विमान अपरहण की जानकारी कुछ मीडिया संस्थानों में प्रसारित की गई है जो पूरी तरह झूठ है।

# शाहपुर के पलड़ी गांव में बुखार से १४ वर्षीय बालक की मौत, कोहराम

शाहपुर, २४ अगस्त (बु.)। पिछले कई दिनों से शाहपुर क्षेत्र में बुखार का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में सैकड़ों की संख्या में बुखार पीड़ित हैं। निजी एवं सरकारी अस्पताल में उपचार करा रहे हैं। मंगलवार को निकटवर्ती गांव पलड़ी निवासी १४ वर्षीय बालक की बुखार के चलते मौत हो गई। देर शाम गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। गांव पलड़ी निवासी सुशील सैनी के १४ वर्षीय लक्ष्य पुत्र को ३ दिन पूर्व बुखार की शिकायत हुई थी। पहले शाहपुर में उसके बाद मुजफ्फरनगर तथा हालत में सुधार न होने पर सहारनपुर व उसके बाद देहरादून ले जाया गया, लेकिन प्लेटलेट्स घटकर १०००० के आसपास रहने के कारण चिकित्सक उसे बचा नहीं पाए। मंगलवार को उसका निधन हो गया १४ वर्षीय बालक के निधन से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। देर शाम गांव के श्मशान घाट पर बालक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। शाहपुर के चेयरमैन परमेश सैनी, ग्राम प्रधान मोनू सैनी, पत्रकार नंदकिशोर सैनी सहित गणमान्य लोगों ने लक्ष्य के निधन पर शोक प्रकट किया है। बताते चलें कि शाहपुर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बुखार का प्रकोप हावी है। बड़ी संख्या में प्राइवेट एवं स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुखार से पीड़ित लोग अपना उपचार करा रहे हैं। कई परिवारों में तो एक से अधिक लोग वायरल टाइफाइड अथवा मलेरिया की चपेट में है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह ने बुलेटिन को बताया कि वैक्सीनेशन अभियान के साथ-साथ मौसम जनित बीमारियों का प्रभाव रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार सक्रिय है। उन्होंने संक्रामक रोगों से बचाव के लिए लोगों को साफ सफाई आदि भी विशेष ध्यान देने का आह्वान किया है। इसके अलावा शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित क्षेत्रभर की पीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। डॉक्टर एनपी सिंह के अनुसार सरकारी अस्पताल में वायरल मलेरिया एवं टाइफाइड का समुचित उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध हैं।

# 2013 में हुए दंगे के आरोपी कोर्ट में पेश

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। मंगलवार को २०१३ के दंगे के आरोपी आज कोर्ट में पेश हुए, मगर आज भी अधूरे आरोपी पेश होने के कारण कोर्ट ने कहा कि एक सितम्बर तक यदि आरोपी अपने बयान पेश देने न आये तो कोर्ट अपने हिसाब से जो उचित निर्णय होगा वह ले लेगी। मंगलवार को पूर्व विधायक जमील अहमद, कांग्रेस के सईदुज्जमा, असद जमा, अहसान कुरैशी, सुल्तान मुशीर तो तारीख पर पेश हुए, मगर राणा परिवार से कादिर राणा, नूर सलीम राणा और सईदुज्जमा के बेटे सलमान सईद नहीं पेश हो पाये। माना जा रहा है कि उक्त सभी दो दिन बाद २६ तारीख को कोर्ट में पेश होंगे। ज्ञात रहे कि वर्ष २०१३ में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उक्त सभी ने भड़काऊ भाषण दिये थे जिसके बाद जनपद में साम्प्रदायिक दंगा हो गया था। उसी समय उपरोक्त सभी लोगों को दंगे का आरोपी मानकर उन पर भडकाऊ भाषण देने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और अब तक उक्त मामले में कोर्ट अपना कोई निर्णय नहीं सुना पायी। कभी आरोपियों की गैर मौजूदगी तो कभी तारीख पर तारीख लगती रही मगर अब माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट उक्त मामलों में सख्ती दिखाती नजर आ रही है, जिसके चलते जल्द ही उक्त मामले में कोई न कोई निर्णय आने की सम्भावनाएं व्यक्त की जा रही हैं। अब देखना यह होगा कि १ सितम्बर को कोर्ट क्या निर्णय लेती है।

# बस खाई में उतरी, कई लोग हुए घायल, डबलडेकर बस में भरी थी करीब 160 सवारी

जानसठ, 24 अगस्त ( बु. )। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय मार्ग पर कस्बा बिजली घर के सामने एक बस सड़क के किनारे की खाई में उतर गई, जिससे कई लोग घायल हो गए। यात्रियों ने बताया कि डबल डेकर बस में करीब 160 सवारी भरी हुई थी। जबकि छत पर भी करीब 30 से 40 सवारी बैठी हुई थी। गनीमत रही कि सड़क के किनारे हाईटेंशन तार की तीन लाइनों में से एक ही टूटी और उसके तार भी बस से दूर गिरे वरना बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है जबकि चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए।

पानीपत-खटीमा मार्ग पर एक डबल डेकर बस मंगलवार की अल सुबह अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में उतर गई, जिससे उसमें बैठी सवारी मामूली रूप से घायल हो गई। बस में सवार बाबू खां, शिवम कुमार, रामकिशोर, विनय कुमार आदि ने बताया कि बस सीतापुर से अप्रवासी मजदूरों को लेकर सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे हिमाचल के बद्दो के लिए चली थी। वह सब लोग वहीं पर रहकर काम करते है। कोरोना के कारण कुछ समय पहले वह अपने घरों को लौट आए थे। उन्होंने बताया कि डबल डेकर बस में छमता से अधिक सवारी भरी हुई थी। बस में करीब 160 सवारी भरी हुई थी, जिसमें से करीब 30 से 40 सवारियां ऊपर बैठी हुई थी। उन्होंने बताया कि उनसे एक सवारी के करीब नौ सौ रुपए वसूल किए गए थे। दो स्थानों पर बस को चेंज किया गया था। वह तीसरी बस में बैठे थे। रात में ड्राईवर ने शराब भी पी थी। शायद इसी के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके पास पैसे भी नहीं बचे हैं आगे जाने के लिए। बस चालक व परिचालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सवारियों को बस से उतारकर बस को अपने कब्जे में ले लिया है। बाद में सवारियां जैसे तैसे अपने स्थान को चली गई।



## हो सकता था बड़ा हादसा

जानसठ, 24 अगस्त ( बु. )। जहां से बस सड़क से खाई में उतरी थी, वहां से हाई टेंशन तारों की तीन लाइन जा रही है। एक लाइन के खंबे को तो बस ने तोड़ दिया था जिससे उसके तार टूट गए। गनीमत रही कि तार बस के ऊपर नहीं गिरे, बस से हल्का सा टकराकर दूर जा गिरे। जिससे केवल एक बार करंट का झटका लगा। और जान बच गई। यात्रियों ने बताया कि बस तेज रफ्तार से थी और गनीमत रही कि बस पल्टी भी नहीं जिससे ऊपर बैठी सवारियां बच गई। कई सवारियों तो नीचे उतरते ही झटका लग कर नीचे गिर गई, लेकिन वहां पर झाड़ियां होने के कारण चोट नहीं लगी।

## कच्ची शराब व चोरी की मोटरसाइकिल समेत तीन बदमाश पकड़े

कैराना, २४ अगस्त (बु.)। एसपी के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कैराना पुलिस ने कच्ची शराब के साथ तीन आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कैराना कोतवाली पुलिस ने एसपी सुकृति माधव के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान क्रम के तहत मुखबिर की सूचना पर तीन शराब तस्करों को कच्ची शराब एवं अप मिश्रित शराब बरामद करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा ने बताया की पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से १० लीटर कच्ची शराब एवं अप मिश्रित शराब चोरी की बाइक के साथ तीनों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने आगे बताएं पकड़े गए शराब तस्करों ने अपना नाम अभिषेक अमित निवासी मौहल्ला अलकला कैराना, जबकि उनका एक साथी आरिफ उर्फ बच्ची पुत्र इलियास ग्राम बलहेड़ा, थाना घरौंडा, जनपद करनाल, हरियाणा को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल रवाना किया है।



परीक्षा छूटने के बाद महाविद्यालय के द्वार पर लगी परीक्षार्थियों की भीड़ व लाइन में लगी परीक्षार्थियों की जांच करती महिला शिक्षिका।

## सिपाही को कार से टक्कर मारने की घटना में रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली की बुढ़ाना मोड़ चौकी पर पुलिस की दो टीमों ने सोमवार शाम हरियाणा से कार सवार बदमाशों के आने की सूचना पर नाकाबंदी की थी। पुलिस को बदमाशों की स्विफ्ट कार भी मिल गई थी, जिसे रोकने के प्रयास में कार सवार बदमाश एक पुलिसकर्मी को सीधे टक्कर मारने के बाद फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल सिपाही प्रेमचंद शर्मा को जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उसे रेफर कर दिया गया था। वहीं, बदमाशों की तलाश में रातभर जिले में नाकाबंदी करते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया, लेकिन रातभर की कवायद के बावजूद बदमाश पुलिस को धता बताकर सकुशल भाग निकलने में सफल रहे। सीओ सिटी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले में भोपा क्षेत्र के गांव ककराला निवासी गौरव और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बदमाशों की तलाश की जा रही है और बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# छत गिरने से दो की मौत, 20 घायल

आगरा, 24 अगस्त ( नेट )। आगरा के गांव धांधूपुरा स्थित आरपी नगर कॉलोनी के जिस मकान में हादसा हुआ, उसकी छत गार्डर और पत्थर से बनी हुई है। दूसरी मंजिल की छत पर पार्टी चल रही थी। युवक मस्ती में गानों पर डांस कर रहे थे, तभी हादसा हो गया। छत गिरने से गांव में तेज आवाज हुई। इससे दहशत फैल गई। मकान की छत पर बचे लोगों ने पड़ोसियों के मकान पर कूदकर खुद को बचाया। उधर, ग्रामीण भी मदद के लिए दौड़े। एक-एक करके घायलों को बाहर निकाल लाए। बाद में पुलिस ने पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सीओ सदर राजीव कुमार के मुताबिक, ग्रामीणों ने बताया है कि मकान मोहित शर्मा का था। वह पहले फैक्टरी चलाते थे। उन्होंने कुछ महीने पहले मकान ताजगंज निवासी गजेंद्र हरी वर्मा उर्फ सोनू वर्मा को बेच दिया है। वह मकान में निर्माण कार्य करा रहे हैं। अनिकेत उनका परिचित है। उसने पार्टी का आयोजन किया था। एक-एक करके 50-60 युवक छत पर चढ़ गए। बता दें कि आरपी नगर कॉलोनी में रविवार रात को जन्मदिन पार्टी के दौरान दो मंजिला मकान की छत भरभराकर गिर गई थी, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। पार्टी में शामिल अनिकेत के दोस्त शैलेंद्र ने बताया कि दोस्त डांस कर रहे थे। इस दौरान अनिकेत केक काटने की तैयारी कर रहा था। कुछ दोस्त पहली मंजिल पर भी खड़े हुए थे। दूसरी मंजिल की छत का एक हिस्सा अचानक ढह गया। वह पहली मंजिल पर आ गिरा। उसके साथ छत पर खड़े कुछ लोग नीचे आ गए। इससे पहली मंजिल की छत भी ढह गई। हादसे में दोनों मंजिल पर खड़े लोग मलबे में दब गए। चीख पुकार से भगदड़ मच गई। कुछ ही देर में छत का बाकी हिस्सा भी गिरने लगा। यह देखकर अनिकेत सहित अन्य युवक पड़ोस के घरों की छतों पर कूद गए। हादसे के बाद तेज आवाज से पूरे गांव में दहशत फैल गई। पहले लोगों को लगा कि कोई धमाका हुआ है। बाद में उन्हें मकान के ढहने का पता चला। गांव में गजेंद्र हरि वर्मा के घर के बराबर में कई और मकान बने हुए थे। लोगों को आशंका थी कि मकान का बाकी बचा हिस्सा भी ढह सकता है। इससे उनके मकान भी चपेट में आ सकते हैं। इस कारण लोग घरों से बाहर भाग गए। पुलिस ने भी पहुंचकर लोगों को दूर हटा दिया। गांव धांधूपुरा के आरपी नगर में हुए हादसे की जानकारी पर सबसे पहले ग्रामीणों ने ही बचाव कार्य शुरू किया।

# आगरा: डौकी में शराब पीने के बाद आठ की मौत, पुलिस ने 4 ठेकों पर लगाई सील

आगरा, 24 अगस्त ( नेट )। आगरा में डौकी के गांव कौलारा कलां निवासी राधेश्याम ( 35 ), अनिल ( 45 ), रामवीर ( 40 ) और गांव बरकुला निवासी गयाप्रसाद ( 48 ) व चार अन्य लोगों की शराब पीने के बाद 24 घंटे में मौत हो गई। आठों ने रविवार रात को एक साथ शराब पी थी। परिजनों का आरोप है कि शराब जहरीली होने की वजह से तबीयत बिगड़ी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं पुलिस का कहना है कि राधेश्याम का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया, जबकि बाकी तीन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया अत्यधिक शराब पीने से मौत का मामला लग रहा है। गांव कौलारा कलां निवासी राधेश्याम पहले बोदला में रहते थे। कुछ साल से अपनी ससुराल कौलारा कलां में रह रहे थे। वह मजदूरी करते थे। अनिल दूध बेचते थे, जबकि रामवीर और गांव बरकुला के गयाप्रसाद मजदूरी करते थे। डौकी के ग्राम कौलारा कला में शराब पीने से हुई आठ लोगों की मौत के बाद पुलिस तथा प्रशासन ने क्षेत्र के ठेकों पर दबिश दी। ग्राम कौलारी कला तथा नगला भोला में अंग्रेजी और देसी शराब के चार ठेकों पर सील लगा दी है। कौलारा कलां के तीन लोगों की शराब पीने से मौत हो गई है। वहीं एक व्यक्ति रामवीर जीवन-मौत से जूझते हुए अस्पताल में भर्ती है। इस घटना से अफसरों के होश उड़े हुए हैं। घटना के बाद आनन-फानन में पुलिस ने कौलारी कला और नगला भोला गांव में स्थित चार ठेकों पर सील लगा दी। एसओ डौकी अशोक कुमार ने बताया कि ठेकों पर शराब की जांच की जाएगी। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर गांव वाले इन्हीं ठेकों से शराब खरीदते हैं। हालांकि गांव में चर्चा है कि गांव में अवैध रूप से भी शराब बेची जाती है। अवैध रूप से बिकने वाली शराब पीने से ही यह हादसा हुआ है।

# जनपद में दोनों पालियों में 24,764 ने दी पीईटी परीक्षा, 3529 अभ्यर्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर मंगलवार को दो पालियों में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से पीईटी की परीक्षा संपन्न हुई। जनपद के 27 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शासन द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइंस के बीच आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों की थर्मल स्केनिंग के साथ फेस मास्क के प्रयोग के साथ ही प्रवेश दिलाया गया। जिले में 27 परीक्षा केंद्रों में पहली पाली में जहां पंजीकृत 14,148 अभ्यर्थियों में से 1,859 परीक्षार्थियों ने विभिन्न कारणों से परीक्षा छोड़ दी, वहीं दूसरी पाली में कुल पंजीकृत 14,144 परीक्षार्थियों में से 1,670 ने परीक्षा से ही किनारा कर लिया। जनपद के 27 परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को दोनों पारियों में कुल पंजीकृत 28,292 परीक्षार्थियों में से मात्र 24,764 ने उक्त परीक्षा दी, वहीं जनपद में दोनों पालियों में इस बीच कुल 3,529 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कारणों के परीक्षा छोड़ दी। जनपद में शुरू पीईटी परीक्षा में 27 केंद्रों पर प्रथम पाली सुबह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से 5 बजे सायं तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में संपन्न हुई।

मंगलवार को जनपद के 27 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पीईटी परीक्षा निर्विघ्न संपन्न हुई। प्रशासन की ओर से इस दौरान जनपद में कुल 27 केंद्रों पर कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 24,768 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि इस बीच 3529 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा ही कर लिया। जनपद में इस दौरान आर्य समाज रोड स्थित डीएवी डिग्री कॉलेज, डीएवी इण्टर कॉलेज, मेरठ रोड स्थित जैन कन्या पीजी कॉलेज, जैन इण्टर कॉलेज, केशवपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, रोडवेज बस स्टैंड स्थित एसडी इंटर कॉलेज, एसडी कन्या इंटर कॉलेज, रुडकी रोड स्थित गुरू रामराय पब्लिक स्कूल, सरकुलर रोड स्थित चौ. छोटूराम इंटर कॉलेज, एमजी पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसके साथ ही परिक्रमा मार्ग स्थित डीएस पब्लिक स्कूल, भोपा रोड स्थित गांधी पॉलिटैक्निक, एसडी पब्लिक स्कूल, पटेलनगर, नई मंडी स्थित दीपचंद ग्रेन चैम्बर इण्टर कॉलेज, जैन कन्या इण्टर कॉलेज, वैदिक पुत्री पाठशाला कन्या इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, नवाब अजमत अली खां गर्ल्स इण्टर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, दि एसडी पब्लिक स्कूल, देहरादून पब्लिक स्कूल, एसवीएम योगा हैल्थ साइंस कॉलेज, नई मंडी स्थित भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। मंगलवार को जनपद में संपन्न हुई पीईटी परीक्षा के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार ने बताया कि यह परीक्षा अहर्ता के लिए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित की जा रही है, जिसमें इस परीक्षा को पास करने वाले अभ्यर्थी ही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न पदों के लिए आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बगैर पीईटी परीक्षा को पास किए हुए कोई भी व्यक्ति लिपिकीय संवर्ग या आयोग द्वारा आयोजित अन्य प्रतियोगी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त 27 केंद्रों पर परीक्षा सुचारू ढंग से शांतिपूर्ण संपन्न की गई और जिले में किसी भी केंद्र से कोई शिकायत अथवा गड़बड़ी की सूचना नहीं है। परीक्षा के दौरान सुचिता और शांतिपूर्ण माहौल पर नजर रखने के लिए टीमों का गठन करते हुए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

## मामूली विवाद में दंपती पर हमला, तीन घायल

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी आसमां ने तहरीर देकर बताया कि गत चार जून को उसकी मौहल्ले के ही अदनान पक्ष से मामूली कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि अदनान ने अपने साथियों सूफियान और इसरार के साथ मिलकर घर पर हमला कर दिया और घर में घुसकर आसमां से जमकर मारपीट कर दी। शोर मचाने पर जब उसे बचाने के लिए पति अहमद और देवर नसीम वहां पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले को एनसीआर में दर्ज किया था, लेकिन घायलों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अब इस मामले में एनसीआर को एफआईआर में तरमीम करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## बड़कली के जंगल से तीन ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना बिजलीघर के अवर अभियंता अनिल कुमार ने तहरीर देकर बताया कि बदमाशों ने २० अगस्त की देर रात गांव बड़कली के जंगल में दो ट्रांसफार्मर जमीन पर गिराकर उनका कीमती सामान चोरी कर लिया। इनमें से दो ट्रांसफार्मर किसानों प्रमोद व ऋषिपाल की ट्यूबवेल से नीचे गिराए गए, जबकि एक ट्रांसफार्मर राजपाल के खेत से नीचे गिराया गया।



झांसी की रानी के पास अतिक्रमण व पॉलीथीन की जांच करता पालिका व पुलिस प्रशासन। फोटो बुलेटिन

## पिस्टल सप्लायर गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। नई मंडी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पचेंडा रोड स्थित नसीरपुर कट के पास संदिग्ध बाईक पर हाईवे की तरफ से आते दो युवकों को रोकने का प्रयास किया। नई मंडी इंस्पेक्टर अनिल कप्परवान ने बताया कि पुलिस टीम को देख एक बदमाश चलती बाईक से कूदकर फरार हो गया, जबकि बाइक चला रहे युवक को पुलिस ने धर दबोचा। तलाशी लिए जाने पर युवक के पास से दो देसी पिस्टल और एक तमंचा बरामद किया गया। उसके पास से मिली बाईक भी संदिग्ध पाई गई। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से उत्तराखंड के जनपद चंपावत के थाना लोहाघाट के गांव शेरी का रहने वाला गौरव है, जो फिलहाल मोरना में रह रहा है। वहीं, उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह असलाह सप्लाई का काम करता है और बरामद पिस्टल व तमंचा जनपद में सप्लाई करने आया था। आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## नहीं मिला कोई कोरोना संक्रमित, 18,880 को लगा कोरोना का टीका

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। जिले में कोरोना के तेजी से गिरते ग्राफ के बीच स्वास्थ्य विभाग के जारी आंकड़ों के बीच 18,880 लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया गया। वहीं इस बीच जनपद में मंगलवार को भी कोरोना संक्रमित मरीजों की जारी सूची में कोई कोरोना पॉजिटिव मरीज नहीं मिला। जनपद में इस बीच मात्र एक एक्टिव केस शेष रह गया है। जनपद में मंगलवार को 68 केंद्रों पर सुरक्षा कारणों के बीच ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2,152 लोगों ने सुरक्षा कारणों के बीच में अपना वैक्सीनेशन कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि मंगलवार को जनपद में कुल 18,880 लोगों का सुरक्षा कारणों से कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में मंगलवार को जारी कोरोना जांच रिपोर्ट में कोई नया मरीज न आने के कारण राहत रही। उन्होंने बताया कि जनपद में इस बीच आरटीपीसीआर के 975 लोगों की जांच की गई, जिसमें तमाम लोगों की रिपोर्ट निगेटिव मिली। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कुल 269 लोगों की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो चुकी है, जबकि जिले में मिले कुल 3,648 लोगों में संक्रमण की पुष्टि के बीच 30,378 लोगों को स्वस्थ्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में मात्र एक कोरोना का एक्टिव मरीज शेष है, जिसका चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में मंगलवार को 68 केंद्रों पर जारी टीकाकरण केंद्रों पर 16,728 लोगों को टीकाकरण किया गया जिनमें से 15,294 लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा प्रथम डोज लगाई गई वहीं 1434 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि जनपद में इस बीच ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2152 लोगों ने अपना टीकाकरण कराया। उन्होंने बताया कि बुधवार को जिले में 40 केंद्रों पर लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया जाएगा।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

मुजफ्फरनगर, २४ अगस्त (बु.)। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति सहित ६ लोगों के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला मोतीमहल निवासी राधिका उर्फ राधा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी मोतीमहल निवासी राजन वर्मा से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाता रहा। पीड़िता के अनुसार, इसके बावजूद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर अब ससुराल पक्ष ने मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया है। पीड़िता की तहरीर पर पति राजन वर्मा के साथ ही किशोर, मंजू, दीपांशु, शिखा व अगेंद्र के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान का आगाज, आज होगी कार्रवाई

## ❑टीम ने जब्त की 10 किलो पॉलिथिन, 3500 रुपए जुर्माना ❑तीनों थानों में डिप्टी कलेक्टर की निगरानी में होगी कार्रवाई

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त ( बु. )। नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में शुरू हुई कवायदों के बीच डीएम के निर्देशन में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हुआ, हालांकि इस बीच नगर क्षेत्र में मंगलवार को साप्ताहिक बंदी होने के कारण अभियान शुरू नहीं हो सका, जबकि दो थाना क्षेत्रों में इसकी शुरूआत नहीं हो सकी। अभियान में टीम ने 10 किलो पॉलिथिन को जब्त किए जाने के साथ 35 सौ रुपये का जुर्माना वसूला। अब बुधवार को नगर के तीनों थाना क्षेत्रों में वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जायेगा।

डीएम चन्द्रभूषण सिंह नगर क्षेत्र की बेपटरी व्यवस्था को सुधारने को हरसंभव प्रयासों में जुटे हैं, ऐसे में फिर चाहे नगर की सफाई व्यवस्था का मामला हो या अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र बनाने की बात, हर मुद्दे पर उनके प्रयास व मंशा स्पष्ट है। बीते दिनों इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच नगर में जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत देने की खातिर उन्होंने अधीनस्थों को फटकार लगाते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए नगर में बड़ा अभियान चलाने के निर्देश दिए। इन आदेशों को धरातल पर उतारने के लिए नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में पालिका क्षेत्र के तीनों थाना क्षेत्रों में टीमों का गठन कर अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार से तय समय पर नगर क्षेत्र में शुरू करा दिया। हालांकि मंगलवार को साप्ताहिक बंदी के चलते नई मंडी, शहर कोतवाली क्षेत्र में अभियान शुरू नहीं हो सका। बुधवार को तीनों थाना क्षेत्रों में वृहद स्तर पर अभियान शुरू होगा। बीते दिवस नगर मजिस्ट्रेट ने इसके लिए नगर में तीन डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी नामित करने के साथ सीओ की निगरानी में स्वयं निगरानी का जिम्मा फोर्स के साथ शहर से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू करने का दावा किया। नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर पालिका द्वारा शहर में मुनादी कराई जानी थी, लेकिन इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा होने के कारण यह मुनादी नहीं कराई जा सकी। वहीं शहर में मंगलवार का साप्ताहिक अवकाश होने के कारण अधिकांश बाजार बन्द रहा। उन्होंने कहा कि डीएम के निर्देश पर अब शहर में तीनों थाना क्षेत्रों में बुधवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होगा। इस बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान थाना सिविल लाइन क्षेत्र में पुलिस और पालिका टीम द्वारा चलाया गया। इस बीच में टीम द्वारा टाउनहाल से मीनाक्षी चौक तक अभियान चला। इस बीच दुकानों के बाहर रेहडे और ठिये लगाने वालों को हटवाया गया। पालिका के कर अधीक्षक आरडी पोरवाल ने बताया कि मंगलवार को 3 बजे अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसमें 10 किलो प्रतिबंधित पॉलिथिन जब्त किए जाने के साथ ही 1 हजार रुपए का इनसे जुर्माना वसूला, वहीं इन अस्थाई अतिक्रमण करने वाले लोगों से 2500 रुपये जुर्माना वसूला गया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण पाए जाने पर भारी जुर्माना वसूली के साथ ही सामान भी जब्त किया जाएगा। इस बीच कर निर्धारण अधिकारी अरूण कुमार, कर अधीक्षक आरडी पोरवाल, कर निरीक्षक विजय कुमार, अवर अभियंता निर्माण कपिल कुमार के साथ थाना सिविल लाइन का पुलिस बल मौजूद रहा।

# एक माह बाद भी युवक का सुराग नहीं, अनहोनी की आशंका

भोपा, २४ अगस्त (बु.)। एक माह बीत जाने के बाद भी मजदूर का सुराग नहीं लग पाया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी हैं। थाना क्षेत्र के गांव धीराहेड़ी निवासी रविंद्र ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को बताया वह अपने छोटे भाई हरेंद्र के साथ हरियाणा के रोहतक जिले के गांव सांधी में हलवाई के यहां मजदूरी कार्य करते हैं। उसका छोटा भाई हरेंद्र २५ वर्ष पिछले माह घर आया था। २२ जुलाई को हरिंदर परिजनों को यह कहकर चला गया था कि वह रोहतक में अपने मजदूरी कार्य पर जा रहा है। ३ दिन तक ना तो हरेंद्र ने रोहतक में पहुंचने की खबर दी और ना ही उसके फोन पर संपर्क हो सका। २५ जुलाई को हरेंद्र का फोन हरियाणा में ही रह रही उसकी मौसी सोनिया के मोबाइल पर आता है कि वह एक अस्पताल में भर्ती है और उसे नहीं पता कि अस्पताल कहां पर है। इसके बाद आज तक उसके फोन पर संपर्क नहीं हो सका है। साथ ही संभावित जगह पर उसकी तलाश भी की जा चुकी है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए हरेंद्र के साथ किसी अनहोनी घटना का भी अंदेशा जाहिर किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि युवक के मोबाइल की लोकेशन निकलवाई जा रही है। उसी के अनुसार आगे की जांच बढ़ाई जाएगी।